पढ़ते रहिये... अमृत विचार
नववर्ष ऑफर ₹ 5/- प्रतिदिन

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

MONTE CARLO
LAST 7 DAYS
लेडीज कार्डिगन, लेडीज कुर्ती, सिलेक्स, लेडीज कोट, लेडीज ट्रैक सूट, लेडीज जैकेट, जेन्ट्स स्वेटर, जेन्ट्स जैकेट, जेन्ट्स ट्रैक सूट, पशमीना शॉल, स्टाल एण्ड कम्बल
FLAT 50% OFF
SELECTION POINT The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050


# कैबिनेट के फैसले : गन्ने का उचित एवं लाभकारी मूल्य 340 रुपये क्विंटल हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्र ने चीनी सीजन-2024 के लिए दी मंजूरी
- संशोधित एफआरपी 10 फरवरी से 01 अक्टूबर तक लागू होगी

सरकार ने चीनी सीजन 2024-25 के लिए गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य 340 रुपये प्रति क्विंटल तय करने को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने चीनी सीजन 2024-25 के लिए 10.25 फीसदी की चीनी रिकवरी दर पर गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 340 रुपये प्रति क्विंटल रखने को मंजूरी दे दी। यह गन्ने की ऐतिहासिक कीमत है जो चालू सीजन 2023-24 के लिए गन्ने की एफआरपी से लगभग 8 प्रतिशत अधिक है।

संशोधित एफआरपी 10 फरवरी से 01 अक्टूबर 2024 तक लागू होगी। नया एफआरपी गन्ना किसानों की समृद्धि सुनिश्चित करेगा। गौरतलब है कि भारत पहले से ही दुनिया में गन्ने की सबसे ज्यादा कीमत चुका रहा है और इसके बावजूद सरकार भारत के घरेलू उपभोक्ताओं को दुनिया की सबसे सस्ती चीनी सुनिश्चित कर रही है। केंद्र सरकार के इस फैसले से 5 करोड़ से अधिक गन्ना किसानों (परिवार के सदस्यों सहित) और चीनी क्षेत्र से जुड़े लाखों अन्य लोगों को फायदा होने वाला है। यह किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मंजूरी के साथ, चीनी मिलें गन्ने की एफआरपी 10.25 प्रतिशत की रिकवरी पर 340 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान करेंगी।

## सही समय पर सही मूल्य मिलने का दिया भरोसा

सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि किसानों को उनकी फसल का सही मूल्य सही समय पर मिले। पिछले चीनी सीज़न 2022-23 का 99 .5 प्रतिशत गन्ना बकाया और अन्य सभी चीनी सीज़न का 99 .9 प्रतिशत किसानों को पहले ही भुगतान किया जा चुका है, जिससे चीनी क्षेत्र के इतिहास में सबसे कम गन्ना बकाया लंबित है। सरकार द्वारा समय पर नीतिगत हस्तक्षेप के साथ, चीनी मिलें आत्मनिर्भर हो गई हैं और चीनी सीजन 2021-22 के बाद से सरकार द्वारा उन्हें कोई वित्तीय सहायता नहीं दी जा रही है। फिर भी, केंद्र ने गन्ने की सुनिश्चित एफआरपी और खरीद सुनिश्चित की है।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के अन्य फैसले

- महिला सुरक्षा छत्र योजना 2025-26 तक जारी रहेगी
- बाढ़ प्रबंधन और सीमा क्षेत्र कार्यक्रम जारी रखने को मंजूरी
- अंतरिक्ष के क्षेत्र में एफडीआई नियमों में मिलेगी छूट

## राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना में संशोधन

केंद्र सरकार ने बुधवार को घोड़ा, गधा, खच्चर और ऊंट से जुड़े उद्यम स्थापित करने के लिए लोगों व संगठनों को 50 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान करने सहित विभिन्न गतिविधियों को शामिल कर राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना में संशोधन को मंजूरी प्रदान की। संशोधित राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना के तहत केंद्र सरकार घोड़े, गधे और ऊंट के लिए वीर्य (सीमन) केंद्र और प्रजनन फार्म की स्थापना के लिए 10 करोड़ रुपये प्रदान करेगी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यहां संवाददाताओं को बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम) योजना में अतिरिक्त गतिविधियों को शामिल करने की मंजूरी प्रदान की है। संशोधित एनएलएम के तहत, घोड़े, गधे, खच्चर और ऊंट से जुड़े उद्यम स्थापित करने के लिए व्यक्तियों, किसान उत्पादक संगठनों, स्वयं सहायता समूहों और धारा आठ कंपनियों को 50 प्रतिशत यानी 50 लाख रुपये तक की सब्सिडी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा घोड़ों, गधों और ऊंटों के नस्ल संरक्षण के लिए भी राज्य सरकार को सहायता मुहैया कराई जाएगी। इसके अलावा, पशुधन बीमा कार्यक्रम को भी सरल बनाया गया है। ठाकुर ने कहा कि किसानों के लिए प्रीमियम का लाभार्थी हिस्सा कम कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बीमा किए जाने वाले पशुओं की संख्या भी पांच से बढ़ाकर 10 कर दी गयी है।

# खनौरी सीमा पर झड़प में 1 किसान की गई जान, 12 पुलिसकर्मी घायल

## केंद्र सरकार ने एमएसपी को लेकर किसानों को एक और वार्ता के लिए बुलाया

- तनाव बढ़ा: दिल्ली कूच के लिए शंभू, खनौरी सीमा पर हजारों की संख्या में डटे किसान

चंडीगढ़/नई दिल्ली, एजेंसी



शंभू सीमा पर पुलिस द्वारा दागे गए आंसू गैस के गोले के धुएं से बचने के लिए इधर-उधर भागते प्रदर्शनकारी किसान।

हरियाणा पुलिस ने शंभू और खनौरी सीमाओं पर किसानों को अवरोधकों की ओर बढ़ने से रोकने के लिए बुधवार को उन पर आंसू गैस के गोले छोड़े। खनौरी सीमा पर झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत होने के साथ 12 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी देने की मांग कर रहे किसानों ने घोषणा की थी कि वे इस मुद्दे को हल करने के लिए किसानों के साथ चौथे चरण की वार्ता विफल होने के बाद बुधवार सुबह 11 बजे प्रदर्शन फिर शुरू करेंगे।

कुछ किसानों ने हरियाणा में अंबाला के समीप शंभू में कई चरणों में लगाए अवरोधकों की ओर बढ़ने की कोशिश की जिसके बाद पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। थोड़ी देर के विराम के बाद फिर ऐसी ही घटना हुई। शंभू सीमा पर एक ड्रोन भी देखा गया। पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी में भी ऐसी ही स्थिति देखी गयी। केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि पंजाब-हरियाणा सीमाओं पर प्रदर्शनकारी किसानों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर गौर करते समय देशभर के किसानों के हित को ध्यान में रखा जाना चाहिए और उनसे एक और दौर की वार्ता के लिए आने की अपील की।

### दो दिन के लिए स्थगित किया 'दिल्ली चलो' मार्च

**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा सीमा पर दो प्रदर्शन स्थलों में से एक खनौरी सीमा पर झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत और लगभग 12 पुलिसकर्मियों के घायल होने के बाद किसान नेताओं ने बुधवार को 'दिल्ली चलो' मार्च दो दिन के लिए स्थगित कर दिया। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि वे शुक्रवार शाम को आगे की रणनीति तय करेंगे। किसान नेता बलदेव सिंह सिरसा ने कहा कि पीड़ित की पहचान पंजाब के बठिंडा जिले के बालोके गांव के निवासी शुभकरण सिंह (21) के रूप में की गई है। पटियाला स्थित राजिंदर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक एचएस रेखी ने कहा कि तीन लोगों को खनौरी सीमा से अस्पताल लाया गया था जिनमें से एक की मौत हो चुकी थी। हरियाणा पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि लगभग 12 पुलिसकर्मी उस वक्त घायल हो गए, जब उन पर लाठियों से हमला किया गया और पत्थर फेंके गए।

### समाधान तलाशने को तीन सदस्यीय समिति

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने किसानों की समस्याओं का समाधान तलाशने के लिए राजस्व परिषद के अध्यक्ष के नेतृत्व में तीन सदस्यीय समिति गठित की है जो गौतमबुद्ध नगर के किसानों की समस्याएं सुनकर तीन महीने में रिपोर्ट शासन को सौंपेगी। मेरठ के मंडलायुक्त और गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी इस समिति के सदस्य होंगे। नोएडा और ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरणों के मुख्य कार्यपालक अधिकारी समिति का सहयोग करेंगे।

# कांग्रेस पर आयकर विभाग की कार्रवाई

- कांग्रेस के खातों से 65 करोड़ हस्तांतरित करने के निर्देश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि आयकर विभाग ने विभिन्न बैंकों को उसके खातों से 65 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित करने के लिए कहा है, जबकि आयकर रिटर्न से संबंधित मामला अदालत के विचाराधीन है। पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि आयकर विभाग का यह कदम अलोकतांत्रिक है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि कल आयकर विभाग ने बैंकों को कांग्रेस, भारतीय युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के खातों से 65 करोड़ रुपये से अधिक हस्तांतरित करने के लिए कहा। यह सरकार की तरफ से उठाए गए चिंताजनक कदम का द्योतक है।

माकन के अनुसार, 60.25 करोड़ रुपये की राशि कांग्रेस के खातों और पांच करोड़ रुपये युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के खातों से हस्तांतरित करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि क्या राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के लिए आयकर देना आम बात है? नहीं। क्या भाजपा आयकर देती है? नहीं। फिर कांग्रेस पार्टी से 210 करोड़ रुपये की राशि क्यों मांगी जा रही है? माकन ने कहा कि आयकर अपीलीय अधिकरण में कार्यवाही के दौरान हमने अपना मामला प्रस्तुत किया। सुनवाई कल भी जारी रहने वाली है।

# यूपी में कांग्रेस 17 व सपा 62 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- इंडिया गठबंधन में शामिल सपा और कांग्रेस में हुआ लोकसभा सीटों के लिए समझौता

**अमृत विचार :** इंडिया गठबंधन के घटक दलों कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के बीच बुधवार को उप्र की लोकसभा सीटों को लेकर समझौता हो गया। समझौते के तहत प्रदेश में कांग्रेस 17 सीटों व सपा 62 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और सपा के राष्ट्रीय सचिव व मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कांग्रेस-सपा की संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में यह घोषणा की। देर शाम सपा ने एक सीट आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर को भी दे दी।

दोनों दलों के नेताओं ने कहा कि इंडिया गठबंधन भाजपा को सत्ता से बाहर करने का काम करेगा। दोनों दल मिलकर गठबंधन के साझा उम्मीदवारों को जिताने का कार्य करेंगे। अविनाश पांडेय ने कहा कि पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव के प्रयास से गठबंधन को मजबूती मिली है। इनके निर्देश पर बनी समिति ने काफी विचार-विमर्श के बाद सीटों को अंतिम रूप दिया।

### पीडीए हराएगा राजग को : अखिलेश

कांग्रेस के साथ सीट के बंटवारे को अंतिम रूप देने के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को हराएगा। यादव ने एक्स पर कहा, संविधान बचाने के लिए, लोहिया के संख्यानुपातिक हिस्सेदारी के सिद्धांत को अमल में लाने के लिए, समाजवादी मूल्यों को सक्रिय करके बराबरी लाने के लिए, 90 प्रतिशत पीडीए को उनका हक़ दिलवाने और देश की तरक्की के लिए एक हो जाएं। उन्होंने कहा, पीडीए हराएगा राजग, अस्सी हराओ भाजपा हटाओ।

**24 या 25 को यात्रा में शामिल होंगे अखिलेश :** नेताओं ने बताया कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव अमेठी या रायबरेली में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में पार्टी के अन्य कार्यक्रमों के कारण शामिल नहीं हो पाए। अब 24 या 25 फरवरी को यात्रा में शामिल होंगे।

### समझौते के तहत ये सीटें कांग्रेस को मिलीं

सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने बताया कि समझौते के तहत कांग्रेस को दी गई 17 लोकसभा सीटों में रायबरेली, अमेठी, कानपुर, फतेहपुर सीकरी, बासगांव, सहारनपुर, प्रयागराज, महाराजगंज, वाराणसी, अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मथुरा, सीतापुर, बाराबंकी व देवरिया शामिल हैं।

## एक नजर

### बीआरएस नेता कविता को पूछताछ के लिए बुलाया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली आबकारी नीति 'घोटाला' मामले में तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी और बीआरएस नेता के. कविता को अगले सप्ताह तलब किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि कविता को सोमवार को यहां सीबीआई मुख्यालय में जांच टीम के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। एजेंसी ने इससे पहले दिसंबर, 2022 में हैदराबाद में कविता के आवास पर उनका बयान दर्ज किया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि एक आरोपी विजय नायर ने आम आदमी पार्टी नेताओं को पहुंचाने के लिए 'साउथ ग्रुप' नामक समूह से कम से कम 100 करोड़ की रिश्वत ली थी।

### विद्या बालन ने धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने उनके फर्जी इंस्टाग्राम खाते और ई-मेल आईडी का इस्तेमाल करके फिल्म जगत की हस्तियों के साथ धोखाधड़ी किये जाने की शिकायत मुंबई पुलिस से की है। इसके बाद पुलिस ने एक मामला दर्ज कर लिया है। खार पुलिस थाने में सोमवार को दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, संबंधित अपराध की जानकारी 16 जनवरी को तब हुई जब फिल्मों से जुड़े एक स्टाइलिस्ट को अज्ञात नंबर से व्हाट्सऐप पर संदेश मिला। संदेश में दावा किया गया था कि इसे विद्या बालन ने भेजा है।


### बिश्नोई गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लारेंस बिश्नोई गिरोह और उसके सहयोगियों के खिलाफ धनशोधन की जांच के तहत सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू को बुधवार को गिरफ्तार किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि चीकू को पंचकुला में धनशोधन रोकथाम अधिनियम की विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उसे पांच दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया। केंद्रीय एजेंसी ने पिछले वर्ष 5 दिसंबर को हरियाणा और राजस्थान में चीकू और कुछ अन्य व्यक्तियों से संबंधित 13 परिसरों पर छापा मारा था।

### तीन मार्च को होगी केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव की घोषणा से कुछ दिन पहले तीन मार्च को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक चाणक्यपुरी के राजनयिक एन्क्लेव स्थित सुषमा स्वराज भवन में होगी। प्रधानमंत्री नीतिगत मुद्दों पर चर्चा, विभिन्न पहलों पर विचार साझा करने के बैठक की अध्यक्षता करते रहे हैं।

# प्रख्यात न्यायविद फली एस नरीमन का दिल्ली में निधन



**नई दिल्ली।** कानून विशेषज्ञ एवं दिग्गज अधिवक्ता फली एस नरीमन का बुधवार को 95 वर्ष की आयु में यहां निधन हो गया। वह हृदय व अन्य बीमारियों से जूझ रहे थे। नरीमन का जन्म रंगून (अब यांगून) में एक संपन्न कारोबारी परिवार में हुआ था। वर्ष 1942 में उनका परिवार भारत आ गया। उन्होंने 70 वर्षों से अधिक समय तक वकालत की। नरीमन को मई 1972 में भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के रूप में नियुक्त किया गया था। नरीमन ने कई ऐतिहासिक मामलों में पैरवी की। भारतीय न्यायपालिक के भीष्म पितामह कहे जाने वाले नरीमन ने कई किताबें भी लिखीं। पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। राज्यसभा के सदस्य भी रहे।

# जाने-माने रेडियो प्रस्तोता अमीन सयानी नहीं रहे



**मुंबई।** जाने-माने रेडियो प्रस्तोता अमीन सयानी का 91 वर्ष की आयु में यहां निधन हो गया। उनके बेटे राजिल सयानी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सयानी को मंगलवार रात दिल का दौरा पड़ा था जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। रेडियो सुनने का शौक रखने वाले लोगों के कानों में आज भी सयानी की आवाज 'नमस्कार बहनों और भाइयो, मैं आपका दोस्त अमीन सयानी बोल रहा हूं' गूंजती है। सयानी का यह अभिवादन 1952 से 1988 तक रेडियो सीलोन पर हर बुधवार को अनगिनत घरों में प्रसारित होता था। मुंबई में 1932 को जन्मे सयानी ने 50 हजार से अधिक कार्यक्रमों का संचालन किया।

# पत्नी के नाम पर खरीदी गई संपत्ति पर पूरे परिवार का समान अधिकार

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- संपत्ति विवाद में हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संपत्ति विवाद के एक मामले में अति महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए कहा कि हिंदू पति द्वारा अपनी पत्नी, जिसके पास आय का कोई स्वतंत्र स्रोत नहीं है, उसके नाम पर खरीदी गई संपत्ति पारिवारिक संपत्ति मानी जाएगी। बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम, 1988 की धारा 2(9)(बी) के प्रावधान (iii) के अनुसार पति द्वारा अपनी पत्नी या बच्चों के नाम पर खरीदी गई संपत्ति को बेनामी संपत्ति नहीं कहा जा सकता है। कोर्ट ने आगे कहा कि जब तक यह साबित ना हो जाए कि संपत्ति पत्नी द्वारा अर्जित आय से खरीदी गई थी, तब तक संपत्ति पर पूरे परिवार का अधिकार माना जाएगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अरुण सिंह देशवाल की पीठ ने मृत पिता की संपत्ति पर स्वामित्व के अधिकार की अपील को स्वीकार कर विपक्षी के लिए निषेधाज्ञा जारी करते हुए पारित किया।

दरअसल अपीलकर्ता/बेटे ने अपने पिता की संपत्ति के 1/4 हिस्से पर अधिकार के लिए जिला अदालत में दाखिल आवेदन खारिज होने के बाद हाईकोर्ट में दाखिल अपील में तर्क दिया कि चूंकि संपत्ति उसके मृत पिता ने अपनी आय से खरीद कर मां को उपहार स्वरूप दी थी। अतः मां के साथ-साथ बेटे का भी संपत्ति पर बराबर का अधिकार होगा।

# सिसोदिया की जमानत पर दो मार्च को सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार 'आप' नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर दो मार्च को सुनवाई करेगी। विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने हाल ही में आम आदमी पार्टी (आप) नेता को तीन दिन की अंतरिम जमानत दी थी। उन्होंने मामले की सुनवाई टाल दी कि एक संबंधित आवेदन सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। अब दो मार्च को मामले की सुनवाई होगी।

# यूपी बोर्ड हाईस्कूल-इंटर की परीक्षा आज से, निगरानी को एसटीएफ भी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**55 लाख** से अधिक परीक्षार्थी
**8265** केंद्रों पर देंगे परीक्षा

- सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में ही खुलेंगे प्रश्नपत्र
- वॉट्सएप से लेकर सोशल मीडिया पर कड़ी नजर

**अमृत विचार :** प्रदेश में गुरुवार से शुरू हो रही यूपी बोर्ड परीक्षाओं को नकल विहीन संपन्न कराने के लिए राज्य सरकार ने कड़े प्रबंध किए हैं। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के कुल 55 लाख 25 हजार 308 परीक्षार्थियों के लिए 8265 केंद्र बनाए गए हैं।

माध्यमिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने कहा कि नकल के लिए बदनाम रहे परीक्षा केंद्रों की निगरानी को एसटीएफ के साथ ही स्थानीय खुफिया इकाई भी नजर रखेगी। पेपर लीक करने की कोशिश करने वालों को जेल भेजा जाएगा। वॉट्सएप से लेकर सोशल मीडिया तक अराजकतत्वों पर कड़ी नजर रहेगी। लोक भवन में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में दीपक कुमार ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में ही प्रश्नपत्र खुलेंगे। संकलन केंद्रों एवं स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे सशस्त्र बल व सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था रहेगी। परीक्षा 12 दिनों में संपन्न होगी।

# स्वामी प्रसाद आज दिल्ली में करेंगे नई पार्टी की घोषणा



**लखनऊ।** सपा से इस्तीफा दे चुके पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य 22 फरवरी को दिल्ली में आयोजित रैली में अपनी नई पार्टी की घोषणा करेंगे। मौर्य सपा की प्राथमिक सदस्यता व विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे चुके हैं। सूत्रों के अनुसार मौर्य की नई पार्टी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी की औपचारिक घोषणा होना तय है। पार्टी का झंडा तैयार हो गया है। इस्तीफे के बाद मौर्य ने कहा था कि अब वह खुद की पार्टी के लिए काम करेंगे। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का प्रतिनिधि सम्मेलन के कार्यक्रम में मौर्य मुख्य अतिथि होंगे। उत्तर प्रदेश समेत बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात आदि राज्यों के कार्यकताओं के अलावा विधायकों व पूर्व मंत्रियों के शामिल होने की भी संभावना है। सम्मेलन से पूर्व मंत्री दूसरे दलों को राजनीतिक ताकत का एहसास कराएंगे।

# क्रायोजेनिक इंजन परीक्षण में सफल

## इसरो की बड़ी उपलब्धि : गगनयान के मानव मिशन में होगा इस्तेमाल

बेंगलुरु, एजेंसी



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का 'सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन' अंतरिक्ष यात्री वाले गगनयान मिशन के लिए अंतिम परीक्षणों में सफल साबित हुआ है। इसे इसरो के लिए एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। क्रायोजेनिक इंजन, गगनयान मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए एलवीएम प्रक्षेपणयान के 'क्रायोजेनिक चरण' को शक्ति प्रदान करता है। अंतरिक्ष एजेंसी ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि इसरो का सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन मानव मिशन के लिए अंतिम परीक्षणों में सफल रहा। इसने कहा कि कठिन परीक्षण से इंजन की क्षमता का पता चलता है।

इसरो के मुताबिक, पहली मानव रहित उड़ान 'एलवीएम3 जी1' के लिए पहचाना गया सीई-20 इंजन आवश्यक परीक्षणों से गुजरा। इसने कहा कि अंतिम परीक्षण उड़ान स्थितियों का जायजा लेने के लिए 'इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स' महेंद्रगिरि में 13 फरवरी को किया गया जो इस श्रृंखला का सातवां परीक्षण था। इसरो ने कहा कि गगनयान अभियान के लिए सीई20 इंजन के सभी जमीनी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए गए हैं। इसरो ने 2024 की दूसरी तिमाही के लिए संभावित पहले मानवरहित गगनयान (जी1) मिशन के लिए पहचाने गए इस उड़ान इंजन के आवश्यक परीक्षणों को भी सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

## शहर में आज

- यूपी बोर्ड परीक्षा सुबह 7:30 से 11 बजे और दोपहर 2 से 5 बजे
- भाजपा युवा मोर्चा की प्रेसवार्ता डीडीपुरम रोड फूड पाथ रेस्टोरेन्ट मे दोपहर 2 बजे
- आनंद आश्रम मंदिर में श्री राम कथा शाम 5 बजे।
- सीबीएसई की परीक्षा सुबह 10:30 बजे से।
- बरेली ट्रेड यूनियन्स फेडरेशन का बॉर्डर पर किसान की मौत के विरोध में कलेक्ट्रेट पर ज्ञापन 12 बजे।
- अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा का नावल्टी चौराहा पर प्रेस क्लब में अभिनंदन समारोह 4 बजे।

## एक नजर

### शहर के इन क्षेत्रों में आज होगी बिजली कटौती

**बरेली, अमृत विचार** : शहर के कई इलाकों में गुरुवार को मरम्मत कार्य के चलते बिजली कटौती की जाएगी। शाहदाना उपकेन्द्र पर गुरुवार को अनुरक्षण काम के चलते हजियापुर, माधोवाड़ी, कांकरटोला, शास्त्री मार्केट, मठकी चौकी, गंगापुर, रबड़ी टोला, कसाई टोला, सैलानी, पुराना शहर में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके अलावा 33/11 केवी जगतपुर उपकेन्द्र पर 33 केवी यूजी केबिल का आइसोलेटर लगाने के साथ डबल पोल का स्ट्रक्चर खड़ा करने के लिए सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। वहीं गांधी नगर, नैनीताल रोड, संजयनगर में भी अनुरक्षण काम को लेकर सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी।

# बस एक हजार करोड़ फूंक डालने का नाम है स्मार्ट सिटी... असल में गंदगी से अटा शहर जैसे का तैसा

## कागजों में कचरामुक्ति पर स्टार मिलने जैसी उपलब्धि लेकिन असल में शहर का हर इलाका गंदगी से बेहाल




कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : एक हजार करोड़ रुपये से ज्यादा रकम फूंक डाली गई है तो बरेली को स्मार्ट सिटी कहना ही पड़ेगा, असल में यह पहले भी गंदगी में अटा शहर था और अब भी है। बल्कि सफाई व्यवस्था चरमराने के साथ गंदगी और बढ़ती जा रही है। जनप्रतिनिधियों ने जवाबदेही से बचने के लिए सबकुछ अफसरों पर टालने का तरीका ढूंढ लिया है और अफसरों ने अपनी जिम्मेदारी कागजों में निपटाने का। नतीजा यह है कि एक तरफ नगर निगम के कागजों में कचरामुक्ति और सिंगल स्टार जैसी उपलब्धियां दिख रही हैं, दूसरी तरफ शहर में गलियों से सड़कों और मोहल्लों तक भीषण गंदगी।

गुणवत्ता पर सवाल न उठाएं तो शहर में बनी तमाम इमारतें, सड़कें और सड़कों पर लगी लाइटें ही स्मार्ट सिटी की पहचान हैं। स्मार्ट सिटी की गाइड लाइन में पर्यावरण और सफाई प्रमुख बिंदु था लेकिन इस मामले में शहर एक कदम आगे नहीं बढ़ सका है। लोग बेहिचक कहते हैं कि कूड़े के ढेर पहले कम दिखते थे, अब और ज्यादा हो गए हैं। अमृत विचार की टीम ने शहर का जायजा लिया तो श्यामगंज, गंगापुर, मारवाड़ी गंज, बिहारीपुर, संजयनगर, गंगापुर, हजियापुर, एकतानगर समेत तमाम इलाकों में मुख्य सड़कों तक पर कचरे के ढेर नजर आए।

गली-मोहल्लों की अंदरूनी सड़कों पर हाल और खराब मिला। कई गलियों में पानी भरे होने और कीचड़ होने से लोगों का निकलना मुश्किल था। यह हाल तब है जब पिछले दिनों कूड़ा निस्तारण के लिए नगर निगम को एक स्टार दिया गया था। अफसरों और जनप्रतिनिधियों ने इसका जश्न भी मनाया था लेकिन तीन दिन पहले मुख्यमंत्री ने शहर में सफाई को बेहतर करने की हिदायत देकर इस पर पानी फेर दिया। मंगलवार को नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में भी सदस्यों ने शहर में सफाई न होने की समस्या पर जमकर विरोध जताया। अफसरों के दावों पर भी कई सवाल उठाए थे।

**लाइव**

### सबसे बड़ी समस्या उठता ही नहीं कूड़ा

लोगों का कहना है कि कूड़ा उठाने के लिए नगर निगम ने जो एजेंसियां लगाई हैं, वह सिर्फ दिखावे भर के लिए काम कर रही हैं। नगर निगम के सफाई कर्मी सड़क के किनारे या गली के मोड़ और चौराहों पर कचरा इकट्ठा कर देते हैं लेकिन उसे वहां से उठाया नहीं जाता। इस वजह से कूड़े का ढेर बड़ा होता रहता है और फिर सड़क पर ही फैल जाता है।

## स्मार्ट सिटी दर्शन





















कचरामुक्त शहर के दावे में जरा भी दम नहीं है। अफसर सुनते नहीं हैं और जनप्रतिधियों के पास समय नहीं है। कूड़ा उठाने वाली गाड़ी रोज नहीं आती। दुर्गंध से गली से निकलना दूभर है।

**–धर्मवीर**, श्यामगंज



इस सड़क पर कई जगह गंदगी का ढेर लगा रहता है। इसकी वजह से लोगों को दिक्कत झेलनी पड़ती है। बारिश में हालात खराब हो जाते हैं। कूड़ा उठाने वाली गाड़ी कभी–कभी ही दिखती है।

**– रवि**, गंगापुर रोड



सड़कों पर गंदगी कम होने के बजाय बढ़ गई है। दो महीने पहले नगर निगम के ठेकेदार ने सड़क बनाने के लिए कंक्रीट बिछाकर छोड़ दी है, इसके बाद हालात और ज्यादा खराब गए हैं।

**– राजकुमार**, मारवाड़ीगंज



हमारे वार्ड के लोग गंदगी से सबसे ज्यादा परेशान हैं। जगह–जगह पड़े कूड़े के ढेर खुद बता रहे हैं कि कितनी सफाई हो रही है। कर्मचारी कभी आते भी हैं तो इधर–उधर झाडू चलाकर चले जाते हैं।

**– मोतीलाल**, संजयनगर रोड



सफाई व्यवस्था बुरी तरह चौपट है। नगर निगम में कई बार शिकायतें कर चुके हैं। कॉलोनी के लोगों ने कुछ ही दिन पहले तय किया है कि नगर निगम जाकर अफसरों को गंदगी के वीडियो दिखाएंगे।

**– आयुष**, संजयनगर




गलियों से कचरा उठाकर चौराहे पर ढेर लगा दिया जाता है। दिन–रात इस ढेर से भीषण दुर्गंध उठती रहती है। कचरा उठाने के लिए ट्राली समय से नहीं आती। शिकायत भी नहीं सुनी जाती।

**– अरुण भसीन**, सिकलापुर



स्मार्ट सिटी जैसा इस शहर में कुछ नहीं है। सड़कें खराब हैं और गंदगी भी बेशुमार है। सफाई कराने के लिए कई बार नगर निगम में अधिकारियों से मिल चुके हैं लेकिन हालात जस के तस है।

**–इंद्रजीत सिंह**, सिकलापुर



सड़क पर हर समय गंदगी रहती है जिसकी वजह से राहगीर भी बहुत परेशानी झेलते हैं। इस सड़क पर आए दिन प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि गुजरते हैं लेकिन कोई ध्यान नहीं देता।

**–गौस अली**, हजियापुर

# जंक्शन : एसी वेटिंग हॉल की फाल्स सीलिंग गिरी, बाल-बाल बचे यात्री

- दस महीने पहले हुआ था कायापलट, प्राइवेट एजेंसी करती है संचालन
- यात्रियों से इस हॉल में बैठने की 30 रुपये घंटा कीमत वसूल करता है रेलवे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : जंक्शन पर दस महीने पहले ही लाखों फूंककर जो एसी वेटिंग हॉल तैयार किया गया था और यात्रियों से 30 रुपये घंटा के हिसाब से यहां बैठने की कीमत वसूल की जा रही थी, उसकी फाल्स सीलिंग भरभराकर ढह गई। वेटिंग हॉल में बैठे यात्री इस हादसे में बाल-बाल बच गए।

इस पेड वेटिंग हॉल को चलाने की जिम्मेदारी रेलवे ने एक प्राइवेट एजेंसी को दे रखी है। पिछले साल इसका कायापलट कराया गया था लेकिन कितनी गुणवत्ता से यह काम हुआ, इसकी पोल मंगलवार को तब खुल गई जब हॉल की फाल्स सीलिंग अचानक ढह गई। इसके बाद इसका वीडियो वायरल होने लगा। इसके बावजूद बुधवार को भी इस वेटिंग हॉल में यात्रियों को बैठाया जाता रहा।

जंक्शन के अधिकारी इसके बावजूद बेखबर बने रहे। न उन्हें फाल्स सीलिंग गिरने की जानकारी हुई, न ही मलबे के बीच यात्रियों को बैठाए जाने की। बुधवार शाम स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि उन्हें वेटिंग हॉल की फाल्स सीलिंग गिरने की जानकारी नहीं है। वह एजेंसी को इसे ठीक कराने को कहेंगे। वेटिंग हॉल में रोज सौ-डेढ़ सौ तक यात्री बैठते हैं जिनसे 30 रुपये घंटा के हिसाब से शुल्क लिया जाता है। वेटिंग हॉल में कैंटीन सुविधा भी है।



बरेली जंक्शन के एसी वेटिंग हॉल की फाल्स सीलिंग टूटी। ● अमृत विचार

# शहर में लगाए जाएंगे 45 नए ट्रांसफार्मर

- नए ट्रांसफार्मर लगाने के साथ पुराने ट्रांसफार्मर की बढ़ाई जा रही क्षमता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार**: नगर निकाय योजना के तहत मार्च तक शहर में 45 नए ट्रांसफार्मर लगाने का काम तेज कर दिया गया है। नए ट्रांसफार्मर लगाने के साथ ही ओवरलोड ट्रांसफार्मर की क्षमता भी बढ़ाई जा रही है जिससे गर्मी में उपभोक्ताओं को बिजली का संकट नहीं झेलना पड़े। हालांकि अफसर ट्रांसफार्मर लगाने का काम फरवरी माह में ही पूरा कराने का प्रयास कर रहे है।

नगर निकाय योजना में शहरी क्षेत्र के प्रथम डिवीजन में 11 ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। दूसरे डिवीजन में 9 नए ट्रांसफार्मर, तीसरे में 15 तो चौथे डिवीजन में 10 नए ट्रांसफार्मर लगाने का काम शुरु कर दिया गया है। अधिशासी अभियंता गौरव शुक्ला ने बताया कि नए ट्रांसफार्मर लगवाने के साथ ही ओवरलोड पुराने ट्रांसफार्मर की भी क्षमता बढ़ाई जा रही है जिससे गर्मी में उपभोक्ताओं को बिजली का संकट न झेलना पड़े।

# तीन सौ बेड अस्पताल में डॉ. सतीश चंद्रा को फिर बनाया गया सीएमएस

**बरेली, अमृत विचार:** तीन सौ बेड अस्पताल में सुबह 8 से 2 बजे तक ओपीडी का संचालन होता है। इसमें भी अव्यवस्थाएं हावी रहती हैं। स्टाफ की मनमानी इतनी ज्यादा हो गई कि मरीजों का इलाज प्रभावित होने लगा। इसकी शिकायतें भी की गईं लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। शिकायतें ज्यादा आने पर सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने अस्पताल के सीएमएस डॉ. भानु प्रकाश को हटाकर यहां पूर्व में तैनात रहे प्रभारी सीएमएस डॉ. सतीश चंद्रा को सीएमएस का प्रभार दिया है। डॉ. सतीश चंद्रा ने स्टाफ के साथ बैठक की और व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। कहा कि मरीजों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।


# ट्रेन में यात्री को मिली बगैर धुली चादर तो डीआरएम को मांगनी पड़ी माफी

- अब आला हजरत एक्सप्रेस में यात्री को दी गई गंदी लिनन
- गंदी चादरें देने की शिकायतें आम, फिर भी सुधार नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** ट्रेन के एसी कोच में सुविधाओं के नाम पर यात्रियों से मोटा किराया वसूला जा रहा है लेकिन सुविधाओं के नाम पर अक्सर खेल हो जाता है। पिछले दिनों अमृत विचार ने ट्रेनों में गंदी लिनन (चादर) देने का मामला प्रमुखता से उठाया था। अब आला हजरत एक्सप्रेस में यात्रियों को गंदे लिनन देने का मामला सामने आया है। इसकी शिकायत रेल अधिकारियों से की गई तो डीआरएम ने इस पर माफी मांगी है।

ट्रेन 14311 आला हजरत एक्सप्रेस में सफर कर रहे सुनील यादव ने रेल अधिकारियों को एक्स पर शिकायत कर बताया कि ट्रेन के बी-3 कोच की बर्थ संख्या सात व तीन पर उनका आरक्षण था। इसमें यात्रियों के साथ धोखा किया जा रहा है, जिसकी निगरानी करने वाला कोई नहीं। उन्होंने कहा कि लिनन को महज तह करके नए पैकेट में डाल दिया गया है। इसकी धुलाई तक नहीं की गई है। जबकि नियम है कि एक बार इस्तेमाल करने के बाद लिनन को धोकर पैकेट में पैक करके यात्री को दिया जाता है। उन्होंने एक वीडियो भी शेयर किया जिसमें बताया कि कई पैकेटों में गंदे लिनन को पैक किया गया है। इस पर डीआरएम मुरादाबाद की तरफ से बाकायदा माफी मांगी गई और पूरा मामला संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में लाने की बात कही गई।



यात्री की ओर से साझा की गईं गंदी चादरों की तस्वीर। ● अमृत विचार




**मोर देखिए, नीचे का हाल नहीं**

स्मार्ट सिटी में कुछ महीने पहले बरेली कॉलेज चौराहे पर वेस्ट मटेरियल से बनाए गए मोर को प्लेटफार्म लगाकर स्थापित किया गया लेकिन अब यह प्लेटफार्म उखड़ गया है। ● मोहित कुमार सिंह

# डेढ़ करोड़ से बने ट्रॉमा विंग में न तैनात करने को स्टाफ न ही जरूरत की मशीनें

- हैंडओवर होने के बाद भी नहीं हो पा रहा शुरू, एडीएसआईसी ने मिशन निदेशक को लिखा

**बरेली, अमृत विचार** : जिला अस्पताल में ट्रामा विंग का निर्माण होने के बाद भी मरीजों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। दरअसल, इसे शुरू करने के लिए शासन से अभी न स्टाफ मिला है न ही उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। एडीएसआईसी ने मिशन निदेशक और सीएमओ को पत्र लिखकर स्टाफ उपलब्ध कराने की मांग की है। हादसे में घायल होने वालों को बेहतर इलाज मिल सके, इसके लिए जिला अस्पताल में ट्रामा विंग का निर्माण कराया गया है। अफसरों के अनुसार दो महीने पहले कार्यदायी संस्था ने विंग का निर्माण पूरा कर दिया। 29 दिसंबर को सीएमओ ने एडीएसआईसी को ट्रामा विंग हैंडओवर कर दिया, मगर इसके बाद भी ट्रामा विंग का संचालन अटका हुआ है। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि ट्रामा विंग को जल्द शुरू करने के लिए मिशन निदेशक और सीएमओ को पत्र भेजा गया है।



### असेवित गांवों के लिए नहीं मिल पा रहीं अनुबंधित बसें

**बरेली, अमृत विचार** : बरेली रीजन के असेवित गांवों में बस संचालन की अनुमति मिल चुकी है, मगर अनुबंधित बसें नहीं मिल पा रही हैं। इसके लिए टेंडर निकाले जा चुके हैं। दरअसल, पिछले साल 225 गांवों को चिह्नित कर अधिकारियों ने सूची परिवहन निगम के मुख्यालय भेजी थी।

मुख्यालय ने इन गांवों में अनुबंधित बसें संचालित करने के निर्देश जारी कर दिए हैं, मगर निजी बसों के मालिकों परिवहन निगम अनुबंध नहीं कर पा रहा है। आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि अनुबंध पर बसें नहीं मिल पाई हैं लेकिन प्रयास जारी हैं।

# सरकारी जमीन पर बन रहीं दुकानों पर चला बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** क्यारा ब्लॉक में पराग फैक्ट्री की चारदीवारी के सामने सरकारी जमीन पर कब्जा कर कुछ लोग दुकानें बनवा रहे थे। शिकायत पर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के निर्देश पर एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव ने मौके पर टीम भेजकर चारदीवारी और दुकानों के ब्लॉक के निर्माण को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त करा दिया।

तहसील सदर की टीम बुलडोजर लेकर पहुंची तो दुकानें बनवाने वाले लोग सामने नहीं आए। हालांकि इससे पहले खंड विकास अधिकारी की ओर से अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया जा चुका था। इसके बाद से काफी सामान हटा लिया गया था।

एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव ने बताया कि फैक्ट्री की चारदीवारी के रास्ते के सामने ब्लॉक के सामने कई दुकानों के निर्माण की कोशिश की जा रही थी। रात में नींव भरी थी। सूचना मिलने पर बुलडोजर के साथ टीम भेजकर निर्माण ध्वस्त करा दिया गया।



दुकानों के अवैध निर्माण को गिराया।

**समस्या** टूटी सड़कें, कीचड़ से भरी गलियां और जलभराव का समाधान नहीं, लोग बोले– आए दिन निकलते हैं अफसर और नेता, कोई नहीं लेता सुध

# बदहाल हजियापुर से अजनबी की तरह गुजर जाते हैं अफसर–नेता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** शहर को स्मार्ट बनाने के लिए भले ही करोड़ों रुपए खर्च कर दिए गए हों, लेकिन हजियापुर आज भी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यह हालत तब है जब यहां करोड़ों रुपये की लागत से यूनानी मेडिकल कालेज बन रहा है। नगर निगम का शेल्टर होम भी बना है। अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि यहां अक्सर निरीक्षण करने आते हैं। लेकिन सड़कों और गलियों की जो बदहाल तस्वीर दस साल पहले थी। वह आज भी वैसी ही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अच्छी सडकें सिर्फ नेताओं की कॉलोनियों और अफसरों के घरों के आसपास ही नजर आती हैं। हजियापुर की मुख्य सड़क पर हमेशा कीचड़ रहती है। जलभराव की समस्या से जूझने को लोग लंबे समय से मजबूर हैं। शायद ही कोई गली ऐसी होगी जहां दुर्गंध न आती हो।

**आने से कतराते हैं मेहमान, बीमारियां पसार रहीं पांव:** हजियापुर के गौस मियां ने बताया कि मोहल्ले में गंदगी के चलते मेहमान और दोस्त आने से कतराते हैं। यहां तक की रिश्ते तय होने के बाद टूट गए। दोस्त कहते हैं कि मिलना है तो कहीं और मिल लीजिए गंदगी में आना मुश्किल है। रिजवान ने बताया कि पानी भरने से मुख्य सड़क पर कई जगह गड्ढे हो गए हैं। कीचड़ पूरी रोड पर भरी पड़ी है। कई बार तो इसमें गिरकर लोगों को गंभीर चोट भी लग गई है। सफाई व्यवस्था जैसा वार्ड में कुछ नहीं बचा। बड़े कबाड़ी इमरान ने बताया कि हजियापुर में निर्माणाधीन यूनानी मेडिकल कालेज का निरीक्षण करने के लिए डीएम समेत कई अफसर कीचड़ वाली सड़कों से ही होकर निकलते हैं। नगर निगम का शेल्टर होम भी है। नगर निगम के अफसरों को इसके बारे में सोचना भी गंवारा नहीं। लिहाजा अब प्रशासन से ही उम्मीद है।

शकील ने बताया कि हजियापुर में जगह-जगह गंदगी के ढेर हैं। जिसकी वजह से बीमारियां पांव पसार रही हैं। दिन-रात यहां बदबू और सड़ांध के साथ मच्छरों का प्रकोप बना रहता है। सांस लेना मुश्किल हो जाता है। नगर निगम से उम्मीद छोड़ दी है।



हजियापुर में सड़क पर भरा है गंदा पानी। ● अमृत विचार



टूटी सड़क और खुले डिप से कभी भी हो सकता है हादसा।



शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# वही साक्षी...अब ससुराल वालों पर उत्पीड़न का आरोप

## ससुर ने कहा- मकान पर कब्जा करना चाहते हैं बेटा-बहू, फर्जी आरोप लगाकर दबाव में लेने की साजिश

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- चार साल पहले अपने परिवार से बगावत करके की थी अंतर्जातीय शादी
- साक्षी का कार और दस लाख रुपये मांगने और मारपीट करने का आरोप

**अमृत विचार :** चार साल पहले परिवार से बगावत कर अंतर्जातीय प्रेमविवाह करके चर्चा में आई साक्षी मिश्रा ने अब अपने ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। बुधवार को पति के साथ पुलिस ऑफिस पहुंची साक्षी ने एसएसपी को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उनके ससुराल वाले उनसे दस लाख रुपये और कार की मांग कर रहे हैं। उनसे मारपीट भी की गई है, इससे वह सदमे में हैं। उधर, साक्षी के ससुर का कहना है कि उनके बेटे-बहू पूरे मकान पर कब्जा करना चाहते हैं। उन्हें दबाव में लेने के लिए फर्जी आरोप लगाए गए हैं।

एक वरिष्ठ नेता की बेटी साक्षी मिश्रा के चार साल पहले अनुसूचित जाति के अजितेश के साथ प्रेमविवाह करना आरोप-प्रत्यारोप की वजह से देश भर में काफी चर्चा में रहा था। काफी समय तक साक्षी टीवी मीडिया में छाई रही थीं। अब उन्होंने एसएसपी को प्रार्थनापत्र देकर अपने ससुर, सौतेली सास, ननद, जेठ और जेठानी समेत सभी ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है और कार्रवाई की मांग की है। साक्षी के मुताबिक ससुराल वाले काफी समय से दहेज में कार और 10 लाख रुपये लाने की मांग करते हुए उन्हें परेशान कर रहे हैं।

प्रार्थनापत्र में कहा गया है कि जब उनका प्रसव होने वाला था, तब भी उन्हें परेशान किया गया। 18 फरवरी को उसके सुरक्षाकर्मी खाना खाने गए थे तो मौके का फायदा उठाकर ससुराल वालों ने दहेज लाने के लिए दबाव डाला और इन्कार करने पर उनके साथ मारपीट की। उन्होंने 19 फरवरी को थाना इज्जतनगर थाने में तहरीर भी दी थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की।

### ससुर बोले, हम पहले ही कर चुके हैं शिकायत

साक्षी मिश्रा के ससुर हरीश नायक ने बताया कि उनका बेटा अजितेश पत्नी के साथ पूरे परिवार को परेशान कर रहा है। वह उनके खर्च पर रह रहा है, फिर भी मकान को लेकर विवाद खड़े कर रहा है। ऐसा ही व्यवहार अपने पिता के साथ किया था। उन्हें तो उनके प्रेमविवाह के बारे में भी पता नहीं था।

# इंस्पेक्टर समेत 11 के खिलाफ 2010 के दंगे के केस में गिरफ्तारी वारंट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अदालत ने 26 फरवरी तक सभी गिरफ्तार कर पेश करने का दिया आदेश
- इंस्पेक्टर गवाही देने नहीं आ रहा, बाकी 10 लंबे समय से गैरहाजिर आरोपी

**अमृत विचार :** शहर में 2010 में होली के दौरान हुए दंगे और कोहाड़ापीर पुलिस चौकी फूंकने के मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम के जज रवि कुमार दिवाकर ने गवाही के लिए हाजिर न होने पर एक इंस्पेक्टर और 10 आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। इन सभी को 26 फरवरी तक गिरफ्तार कर कोर्ट में हाजिर करने का आदेश दिया गया है।

शहर में दो मार्च 2010 को जुलूस- ए-मोहमदी के दौरान दंगा भड़क गया था। इसके बाद दंगाइयों ने तमाम दुकानों में आगजनी करने के साथ कोहाड़ापीर पुलिस चौकी को भी फूंक दिया था। बलवे में आंवला के तत्कालीन सीओ पीएस पांडेय, थानाध्यक्ष भमोरा राजेश तिवारी, सिपाही राहुल और ब्रजेश समेत काफी संख्या में लोग गंभीर रूप घायल हुए थे। फिलहाल अदालत में इस मामले में 30 आरोपियों के खिलाफ ट्रायल चल रहा है। कुल 13 गवाहों में से 12 की गवाही भी हो चुकी है। सिर्फ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव की गवाही बाकी रह गई है जो दंगे के दौरान शहर में तैनात थे।

कई समन के बाद भी गवाही के लिए हाजिर न होने पर अदालत ने बुधवार को सुभाष चंद्र यादव के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। इसके अलावा लगातार गैरहाजिर रहने पर 10 आरोपियों के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं। इनमें फाजिल रजा, शाहरुख, बाबू खां, ईशान, आरिफ, अमजद, निसार अहमद, अबरार, नाजिम, इमरान और कौसर शामिल हैं। बताया जा रहा है कि इनमें से एक को जमानत मिल गई है।

### तौकीर रजा थे मुख्य आरोपी, बाद में निकाल दिया गया नाम

शहर में 2010 के दंगे के केस में पुलिस ने आईएमसी प्रमुख तौकीर रजा खां को मुख्य आरोपी बनाते हुए करीब तीन सौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। इसमें तौकीर रजा को जेल भी भेजा गया था। लेकिन बाद पुलिस ने अदालत में 169 की रिपोर्ट दाखिल कर तौकीर समेत तमाम आरोपियों का नाम केस से बाहर करा दिया। अब तौकीर रजा दंगे के आरोपी नहीं रह गए हैं। फिलहाल सिर्फ 30 लोगों के खिलाफ ट्रायल चल रहा है। इनमें 10 लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। बाकी लोगों में शहजादे, यासीन, शानू, अनवर अली, आदिल, इमरान, रिजवान, दानिश, हसीन रजा, राजू, हसन, शोबी रजा, नईम, शानू, शन्नू खां, फैजी, सरवर खा, रिजवान, अनवर, राशिद, शमीम खां, इमरान खां, कामरान, आदिल, वसीम, रफ़त अली, शबाब हैदर, सलीम, अलीम, इमरान, शाहीन, इफ्तेखार फरहूद शामिल हैं।

## स्टॉक में गड़बड़ी मिलने पर महिला कोटेदार पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** गरीब कार्ड धारकों को दिया जाने वाला खाद्यान्न डकारने से कोटेदार बाज नहीं आ रहे। विकास खंड बिथरी चैनपुर की ग्राम पंचायत मनेहरा में महिला कोटेदार के यहां खाद्यान्न के स्टॉक में गड़बड़ी मिलने पर पूर्ति विभाग की तरफ से भोजीपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। दुकान को भी निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई विभाग ने ग्रामीणों की शिकायत पर की है। दरअसल दो दिन पहले बिथरी के गांव मनेहरा की कोटेदार शांति देवी के खिलाफ राशन वितरण में अनियमितता की शिकायत की जांच पूर्ति निरीक्षक सदर ललित श्रीवास्तव द्वारा मौके पर जाकर की गई। कार्ड धारकों ने अपने बयान में बताया कि कोटेदार द्वारा अंगूठा लगवाने के बाद राशन नहीं दिया जाता है। कोटेदार के पति लेखराज कार्डधारकों से गाली गलौज करते हैं। इस दौरान पूर्ति विभाग के अधिकारियों ने स्टॉक चेक कराने के लिए रजिस्टर मांगा तो कोटेदार का पति अधिकारियों से उलझ गया। इसके बाद ई-पॉस मशीन को जब्त कर लिया गया। स्टॉक का मिलान करने पर 15.24 क्विंटल गेहूं व 26.7 क्विंटल चावल कम निकला। इसके अलावा 0.73 क्विंटल बाजरा का स्टॉक अधिक मिला। शनिवार को जिलाधिकारी का अनुमोदन मिलने के बाद कोटेदार शांति देवी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिपोर्ट थाना भोजीपुरा में दर्ज कराई गई है।

## जंक्शन यार्ड में ट्रेन की चपेट में आने से युवक के पैर कटे

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन यार्ड में मंगलवार देर रात श्रमजीवी एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक युवक के दोनों पैर कट गए। आरपीएफ और जीआरपी ने युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। आरपीएफ अधिकारियों के मुताबिक मंगलवार देर रात 12:30 बजे 12391 श्रमजीवी एक्सप्रेस से युवक के घायल होने की सूचना पर आरपीएफ स्टाफ मौके पर पहुंचा। पूछताछ में यात्री ने अपना नाम जावेद निवासी मोहल्ला मोहम्मद फारूक जिला पीलीभीत बताया। जावेद के पास रेल टिकट या पास नहीं था। उसके पास से मिले फोन से परिजनों को सूचना दी गई। बुधवार सुबह परिवार वाले अस्पताल पहुंचे जहां से उसे निजी अस्पताल ले गए। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि युवक रेलवे ट्रैक पर कैसे आया इस बात की जानकारी नहीं है।

### जंक्शन पर व्यक्ति की मौत

बुधवार को बरेली जंक्शन पर बुधवार को 55 साल का व्यक्ति बेहोशी का हालत में मिला। आरपीएफ ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी शिनाख्त कामेश्वर तिवारी निवासी जिला धार मध्य प्रदेश के रूप में हुई।

# हमारे नाम पर योजनाएं...पर लूट रहे हैं अफसर

## किसान दिवस: किसानों ने फर्जी क्लस्टर बनाकर करोड़ों का घोटाला करने का आरोप लगाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बहेड़ी चीनी मिल पर दो सौ करोड़ का गन्ना बकाया होने पर जमकर हंगामा
- कहा- अफसर समस्याओं पर कार्रवाई का आश्वासन देते हैं, कराते कभी नहीं

**अमृत विचार :** विकास भवन में बुधवार को किसान दिवस में किसानों ने सरकारी योजनाओं में धांधली और बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान न होने पर जमकर हंगामा किया। बहेड़ी की चीनी मिल पर किसानों ने आरोप लगाया कि पिछले दिनों डीएम की सख्ती पर गुजरे सत्र का शत-प्रतिशत भुगतान करने के बाद इस सत्र में दो सौ करोड़ रुपये का भुगतान फिर बकाया कर दिया गया है। किसानों के पैसे से चीनी मिल खुद कीटनाशक का व्यापार कर मोटा मुनाफा कमा रही है।

विकास भवन सभागार में सीडीओ की अध्यक्षता में शुरू हुए किसान दिवस में किसान संगठनों की ओर से गन्ना बकाया के अलावा, सूखी नहरों, छुट्टा गोवंश, गांव में खुदी पड़ी सड़कों के मुद्दे उठाए। किसान नेता राकेश गंगवार ने कहा कि किसानों को सरकार की किसी योजना का लाभ नहीं मिला रहा। इन योजनाओं को अधिकारी ही लूट रहे हैं। उन्होंने बहेड़ी-शेरगढ़ चौराहा के पास नहर विभाग की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत की। क्यारा ब्लॉक के अरुण तोमर ने कहा कि सिमरा बोरीपुर में 2021 में बनी पानी की टंकी का अभी से हालत खराब हो गई है। लीकेज की समस्या ठीक होने में नहीं आ रही और लोग परेशान हैं। प्रताप सिंह ने आरोप लगाया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में कृषि विभाग फेल है। गांवों में फर्जी क्लस्टर बनाकर करोड़ों का घोटाला किया गया है। अफसरों को इसके साक्ष्य दिए गए लेकिन जांच तक नहीं कराई गई।

किसान ओमप्रकाश कन्नौजिया ने कहा कि जल निगम ने गांवों में सीसी सड़कों की दुर्दशा कर दी है। उन्होंने कहा कि किसान दिवस में वे लोग जो शिकायतें करते हैं, उन पर कार्रवाई का आश्वासन तो दे दिया जाता है लेकिन अधिकारी कार्रवाई कभी नहीं कराते। किसानों ने खेतों में लगे ब्लेड वाले तार भी हटवाने की मांग की। किसान दिवस में डीडी कृषि अभिनंदन सिंह, पीडी तेजवंत सिंह, जिला कृषि अधिकारी धीरेंद्र सिंह चौधरी, उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक, सहायक निदेशक मत्स्य विभा लोहनी, डीपीआरओ धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



किसान दिवस के दौरान छुट्टा गोवंशीय पशुओं के मुद्दे पर भी हुआ शोरशराबा। ● अमृत विचार

### छुट्टा पशुओं के मुद्दे पर आपस में भिड़े किसान

किसान नेता प्रताप सिंह की इस बात पर बैठक में जमकर हंगामा हुआ कि कुछ किसान छुट्टा गोवंशीय पशुओं के मुद्दे पर राजनीति कर निजी स्वार्थ की बातें करते हैं। इस पर कई किसान बिफर गए। उन्होंने प्रताप सिंह पर अफसरों के इशारे पर यह बात कहने का आरोप लगाया। अधिकारियों ने हंगामा शांत कराया। छुट्टा पशुओं की समस्या पर सीडीओ जग प्रवेश ने बताया कि सरकार सहभागिता योजना चला रही है। इसमें अधिकतम चार पशु लिए जाते हैं जिसके लिए सरकार पैसा दे रही है। किसान और पशुपालक अगर इस योजना में शामिल हों तो समस्या का काफी हद तक निदान हो सकता है।

## मांझे की चपेट में आकर सांसद के मीडिया प्रभारी घायल

**बरेली, अमृत विचार :** आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप के मीडिया प्रभारी राहुल कश्यप बुधवार को चाईनीज मांझे की चपेट में आकर घायल हो गए। वह नेकपुर से बाइक से बालाजी नगर कॉलोनी निवासी दोस्त के घर जा रहे थे। बदायूं रोड पर शान्ति विहार मोड़ के पास मांझा उनकी गर्दन पर आ गिरा। मांझा हटाने के दौरान उनकी उंगलियां घायल हो गईं। उन्होंने पुलिस से शिकायत कर चाईनीज मांझा बेचने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

# दस लाख के गबन के आरोप में शाखा प्रबंधक और वरिष्ठ सहायक पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक की शिकायत पर कार्रवाई

**अमृत विचार :** थाना इज्जतनगर पुलिस ने स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक की शिकायत पर 10 लाख रुपये गबन करने के मामले में डेलापीर शाखा के प्रबंधक और वरिष्ठ सहायक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

क्षेत्रीय प्रबंधक स्वदेश श्रीवास्तव ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि डेलापीर शाखा पर तैनात दरोगा बाग सिविल लाइंस निवासी अमित शुक्ला प्रबंधक और इज्जतनगर निवासी नर बहादुर थापा वरिष्ठ सहायक ने छह दिसंबर 2023 को नए नोट बदलने के लिए डेलापीर की एटीएम मशीन से नकदी निकाली। एटीएम में 37 लाख 73 हजार 100 रुपये कैश था। दोनों ने नोट बदलने के रुपये शाखा मंगाए और 20 लाख रुपये निकाले। आरोप है कि नर बहादुर थापा ने 10 लाख रुपये ही एटीएम मशीन में जमा किए और दो से 12 जनवरी तक अवकाश पर चले गए। इस बीच वीरेश कुमार को एटीएम खोलने के लिए आईडी जनरेट कर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किया गया। 10 जनवरी को अमित शुक्ला और वीरेश ने दोबारा पूर्ति के लिए नकदी निकाली और 10 लाख रुपये जमा किए। एटीएम में 33 लाख 8500 रुपये होने चाहिए थे, जबकि 23 लाख 22500 रुपये थे। वहीं दो शिकायतों के अनुसार 14 हजार रुपये और कम पाए गए। इस तरह 10 लाख रुपये कम निकले। नर बहादुर थापा ने एडमिन रिकार्ड में में 20 लाख रुपये की पुनः पूर्ति करना दर्शाया। जब अधिकारियों ने सीसीटीवी खंगाले तो पता चला कि नर बहादुर ने दोबारा में 10 लाख रुपये ही जमा किए थे।

## अपर जिला जज का एसएसपी को पत्र, न्यायालय गेट के सामने गाड़ियां खड़ी होने से लगता है जाम, ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने कुछ नहीं किया, आप कराएं कार्रवाई

**विधि संवाददाता, बरेली :** जनपद न्यायालय के मुख्य गेट के सामने गाड़ियां खड़ी करके जाम लगा दिए जाने के रोज के सिलसिले पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तबरेज अहमद ने कड़ी नाराजगी जताते हुए एसएसपी को पत्र लिखा है। उन्होंने कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए पत्र में यह भी कहा है कि उन्होंने इस बारे में ट्रैफिक इंस्पेक्टर को बुलाकर बताया था फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

जज तबरेज अहमद ने पत्र में जिक्र किया है कि वह अपने सिविल लाइंस स्थित आवास से रोज अदालत आते हैं। यूपी बैंक के सामने मुख्य सड़क पर गाड़ियां खड़ी रहती हैं जिनकी वजह से जाम लग जाता है। उन्होंने इस बारे में यातायात निरीक्षक को बुलाकर बताया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गयी। अपर जिला जज ने एसएसपी से कहा है कि सड़क पर बिना पार्किंग के गाड़ी खड़ी करना कानून का उल्लंघन है। इस पर कार्रवाई की जाए।

## कार में गोवंशीय पशु लादकर तस्कर फरार

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र के त्रिमूर्ति चौराहे से तस्कर एक गोवंशीय पशु को कार में लादकर फरार हो गए। बुधवार को कई लोगों ने सीसीटीवी फुटेज एक्स पर पोस्ट कर गो तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस गो तस्करों की तलाश कर रही है।

# छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में सपा कार्यकर्ता गिरफ्तार

**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर में एक छात्रा ने सपा कार्यकर्ता पर अश्लील मेसेज भेजने और रास्ता रोककर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। परेशान छात्रा ने दो महीने से कोचिंग जाना भी छोड़ दिया। छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



- बिथरी चैनपुर में छात्रा का हाथ पकड़ा, दो महीने से भेज रहा था अश्लील मेसेज

छात्रा के मुताबिक वह बरेली में रहकर सुपर टेट की कोचिंग कर रही है। परातासपुर निवासी गोकरण यादव ने इंस्टाग्राम से किसी तरह उसका फोन नंबर निकाल लिया। इसके बाद वह फोन पर अश्लील मेसेज भेजकर परेशान करने लगा। वह मंगलवार को अपने मामा के साथ ऑटो से बरेली जा रही थी। परसौना नहर के पास ऑटो में खराबी आने की वजह से सभी सड़क किनारे खड़े थे, तभी गोकरण यादव आया और उसे पकड़ लिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। छात्रा ने अपने भाई को फोन कर पूरी बात बताई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। इंस्पेक्टर संजय तोमर ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी गोकरण यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है।

आरोपी गोकरण खुद को सपा नेता बताता है। उसने फेसबुक अकाउंट पर अखिलेश यादव के साथ फोटो लगा रखा है। वह दो बार जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ चुका है।

# रुविवि के कुलपति के नाम पर फर्जी आईडी बनाकर भेजे ईमेल

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह के नाम पर फर्जी आईडी बनाकर कई शिक्षकों और कॉलेजों को ईमेल भेजी गई। ईमेल में हाल चाल के अलावा काम होने के बारे में लिखा गया। कुछ शिक्षकों ने जब इस बारे में विश्वविद्यालय में संपर्क किया तो फर्जीवाड़े की जानकारी हुई। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि इस तरह के फर्जी ईमेल पहुंचने पर तुरंत विश्वविद्यालय में संपर्क करें।

15 फरवरी से अब तक कई लोगों को vchancellor26@gmail.com नाम से कई लोगों को ईमेल भेजे गए, जबकि कुलपति की अधिकृत ईमेल vcoffice@mjpru.ac.in है। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बताया कि ईमेल किसने भेजी इसके बारे में पता लगवाया जाएगा।

# आधी से ज्यादा बिजली चोरी होती है चकचुंगी फीडर पर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अधिकारियों के सर्वे में इस फीडर पर मिला शहर में सबसे ज्यादा लाइन लॉस
- जगतपुर उपकेंद्र से जुड़ा है फीडर, अब साधारण लाइन हटाकर लगाएंगे आर्मर्ड केबल

**अमृत विचार:** शहर के जगतपुर उपकेंद्र से जुड़े चकचुंगी फीडर पर सबसे अधिक बिजली चोरी की जा रही है। अधिकारियों के सर्वे में चकचुंगी फीडर पर सबसे अधिक लाइन लॉस पाया गया है। लाइन लॉस कम करने के लिए अब विभाग की तरफ से एक माह का विशेष अभियान आज से शुरू किया जाएगा जिसमें बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के साथ अन्य उपभोक्ताओं की भी पुरानी केबल बदलकर आर्मर्ड केबल डाली जाएगी।

शहरी क्षेत्र में लगातार बिजली चोरी होने से लाइन लॉस बढ़ रहा है। नियमानुसार शहरी क्षेत्र में लाइन लॉस 10 प्रतिशत से कम होना चाहिए। लेकिन जगतपुर उपकेंद्र के चकचुंगी फीडर पर 2300 उपभोक्ताओं पर 50 प्रतिशत से अधिक लाइन लॉस है। अधिकारियों ने सर्वे कराया तो वे हैरान रह गए। सबसे अधिक बिजली चोरी इस फीडर से की जा रही है। अधिशासी अभियंता गौरव शुक्ला ने बताया कि लाइन लॉस कम करने के लिए एक माह का अभियान चलाकर बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पुराने केबल बदलकर आर्मर्ड केबल डाली जाएगी। बुधवार को चलाए गए अभियान में चोरी की बिजली से चल रहे एक ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन के संचालक के विरुद्ध बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

> अधिक लाइन लॉस वाले इलाकों को चिह्नित किया गया है। वहां पर बिजली चोरी रोकने के लिए अभियान चलाया जाएगा। अधिकारियों को 10 प्रतिशत से कम लाइन लॉस कम करने को कहा गया है।
>
> -अंबा प्रसाद, अधीक्षण अभियंता

### बिजली चोरी में मीरा की पैठ दूसरे नंबर पर

बिजली चोरी के मामले में चकचुंगी फीडर के बाद मीरा की पेठ फीडर दूसरे स्थान पर है। इस फीडर पर 2300 उपभोक्ता हैं। यहां का लाइन लॉस 47 प्रतिशत है। इसके अलावा किला के छह नंबर और किला के बरेली वन फीडर पर 30 प्रतिशत से अधिक लाइन लॉस है। अधिकारी 10 प्रतिशत लाइन लॉस लाने के लिए काम कर रहे हैं। सराय खाम फीडर पर 3500 उपभोक्ता हैं। यहां का लाइन लॉस 28 प्रतिशत है।

# धर्मस्थल की चारदीवारी बनाने का विरोध दो समुदाय के लोग आए आमने-सामने

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कई लोगों ने एसएसपी कार्यालय पहुंच कर की शिकायत

**अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के मठ कमलनयन पुर में धर्म स्थल की चारदीवारी बनाने के विरोध पर दो समुदाय के लोग आमने सामने आ गए और जमकर हंगामा किया। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया।

एक पक्ष के कई लोगों ने एसएसपी कार्यालय में शिकायत की, हालांकि बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। मठ कमलनयनपुर में धर्म स्थल पर बुधवार को कुछ लोग चारदीवारी बनवा रहे थे। इस दौरान दूसरे समुदाय के लोगों ने इसका विरोध किया, जिससे विवाद हो गया। विवाद बढ़ता देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। इसके बाद एसएसपी ऑफिस में चन्दा, आकाश, विश्वजीत, प्रेम समेत कई लोग शिकायत करने पहुंच गए। इज्जतनगर थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत कराया, जिसके बाद आपस में समझौता हो गया। गुरुवार को चारदीवारी बनाई जाएगी। विवाद करने पर कार्रवाई की जाएगी।

## कैंट में युवक पर फायरिंग, छह लोगों पर आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट के अहीर मोहल्ला में एक युवक ने जानलेवा हमला और फायरिंग करने का आरोप लगाया है।

अहीर मोहल्ला निवासी मुकुल यादव ने बताया कि उनके मोहल्ले का ही एक युवक उनसे रंजिश मानता है। बुधवार शाम को वह खाना खाकर हाथी पार्क में टहलने के लिए गए थे, तभी आरोपी अपने पांच साथियों के साथ पहुंच गया और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। तमंचे की बट मारकर उसका सिर फाड़ दिया और फायरिंग की। इंस्पेक्टर अपराध योगेन्द्र सिंह ने बताया कि सिर्फ मारपीट हुई थी। आसपास के लोगों ने फायरिंग से इन्कार किया है।

# एमआर के जरिए पहुंचती थी नशे की दवाओं की खेप

## तीन करोड़ की दवाओं की बरामदगी के मामले मेडिकल स्टोर मालिक मुन्ने ने उगला नाम, शुरू हुई तलाश

कार्यालय संवाददाता, बरेली





- साल भर से ज्यादा समय से नहीं हुआ था दवाओं के स्टॉक का सत्यापन

**अमृत विचार :** किला के मेडिकल स्टोर और सीबीगंज के गांव महेशपुरा से तीन करोड़ की नशीली दवाओं की बरामदगी के मामले में अब एक एमआर की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि नशीली दवाओं की सप्लाई इसी एमआर के जरिए हो रही थी। गिरफ्तार आरोपी मुन्ने की कॉल डिटेल की भी जांच की जा रही है। उधर, यह भी पता चला है कि जिस मेडिकल स्टोर पर नशे की दवाओं की खेप बरामद हुई, उस पर स्टॉक का सत्यापन साल भर से भी ज्यादा समय से नहीं किया गया था।

नशे की दवाओं की बरामदगी के बाद औषधि और नारकोटिक्स विभाग के साथ पुलिस भी इस मामले में छानबीन कर रही हैं। बताया जा रहा है कि मेडिकल स्टोर मालिक मुन्ने से पूछताछ के बाद फिलहाल एक एमआर का नाम जानकारी में आया है। हालांकि यह भी माना जा रहा है कि सिर्फ एक एमआर के जरिए इतने बड़े पैमाने पर नशे का कारोबार नहीं किया जा सकता। अफसरों का कहना है कि जिले में पहले भी नशे की दवाएं पकड़ी गई हैं लेकिन सोमवार रात संभवतः अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी है। ड्रग विभाग के सूत्रों के मुताबिक किला के इस मेडिकल स्टोर का स्टॉक साल भर से भी ज्यादा समय से चेक नहीं किया गया था।

### इन दवाएं हुईं थीं बरामद

मुन्ने के किला मेडिकल स्टोर और महेशपुर स्थित गोदाम से ट्रामाडोल, अल्प्राजोलम, कोडीन फॉस्फेट, नाइट्राजीपाम जैसी दवाएं बरामद की गई थीं जिन्हें डॉक्टर के पर्चे के बगैर नहीं बेचा जा सकता।

### सप्लाई कंपनियों को जारी होंगे नोटिस

ड्रग विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नशे की दवाओं की सप्लाई फर्जी बिलिंग के जरिए होती है। इसलिए इसकी सप्लाई चेन को पकड़ना आसान काम नहीं है। कई बार यह कई राज्यों से जुड़ा मामला होता है, इसलिए सरकार के स्तर पर कड़े कदम उठाने से ही कुछ हो सकता है। ड्रग विभाग के सहायक आयुक्त संदीप पांडेय ने बताया कि जो दवाएं बरामद हुई हैं, उन्हें बनाने वाली कंपनियों को नोटिस जारी किया जाएगा।

### बबलू की गिरफ्तारी के बाद कई राज खुलेंगे

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की सीओ प्रतिमा सिंह ने बताया कि पकड़े गए मुन्ने मंसूरी का भाई बबलू मुख्य आरोपी है, वही प्रतिबंधित दवाओं की खेप मंगाता था। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। बबलू की गिरफ्तारी के बाद ही यह पता लगने की उम्मीद है कि फैक्ट्रियों से कैसे ये प्रतिबंधित नशीली दवाएं नशे के कारोबारियों तक पहुंचती थीं। नशे के लिए इन दवाओं को खपा रहे जिले के दूसरे मेडिकल स्टोरों के बारे में भी जानकारी मिल सकती है। बता दें कि एएनटीएफ के छापे के दौरान ही बबलू अपना मेडिकल स्टोर बंद करके भाग गया था। अभी उसके मेडिकल स्टोर की तलाशी नहीं हो पाई है। फिलहाल उसे सील कर दिया गया है।

दाँतों में तकलीफ अब कोई चिन्ता नहीं!

ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्प्लान्ट सेन्टर

Associated with Asia's No.1 Dental Lab

डॉ० एम.बी. गौतम (डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ)
सम्पर्क करें:- 9997317000, 9412738720

प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, फर्स्ट फ्लोर, बरेली

डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES

डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े (फ्रैक्चर) दाँत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी के विशेषज्ञ

Our Aim to important a healthy & Beautiful Smile to our Patient

उपलब्ध सुविधायें :
◆शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। ◆दाँतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler) ◆हिलते हुए दाँतों को जाम करना। ◆दाँतों की नसों का इलाज (Root Canal Treatment, Single Siting RCT) ◆मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। ◆दाँतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज। ◆सड़े-गले दाँतों को बिना तकलीफ के निकालना। (Painless) ◆दाँतों के रंग का मासाला भरना। (Laser Filing) ◆टेड़े-मेढ़े, बाहर निकले हुए दाँतों का इलाज। (Fix Braces/Aligner) ◆डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दाँत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges) ◆मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) ◆गुटखे की वजह से मुँह कम खुलने का इलाज। ◆एक्सीडेन्टल टूटे-जबड़े व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा। ◆एडवान्स एक्स-रे यनिट

Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour

5 साल से 11 साल के बच्चों की दाँतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्रसेना/पुलिस/ग्राम प्रधान/नगर पंचायत/चेयरमैन/स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिर्पोटर/स्वतंत्रता सेनानी


# इफको के खिलाफ कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन नौकरी देने के वादे से मुकरने का आरोप

## आंवला से ट्रैक्टर लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे तमाम किसान, छुट्टा पशुओं का मुद्दा भी उठाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली



आंवला से भारी संख्या में पहुंचे किसानों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की जिला इकाई के नेतृत्व में आंवला से ट्रैक्टरों से आए किसानों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इससे पहले किसानों ने पहले सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में धरना दिया। इसके बाद कलेक्ट्रेट तक जुलूस निकालकर नारेबाजी की। किसानों ने आंवला की इफ्को प्रबंधन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाने समेत 18 सूत्री मांगों के संबंध में प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

प्रदेश महासचिव शिशुपाल सिंह और तहसील आंवला अध्यक्ष महाराज सिंह यादव ने राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन के माध्यम से किसान आंदोलन के दौरान दर्ज हुए मुकदमे वापस लेने, लखीमपुर खीरी में हुई घटना के घायल किसानों को मुआवजा अभी तक नहीं मिलने, देश में समान शिक्षा नीति लागू करने, निजी अस्पतालों में फीस निर्धारित करने, निराश्रित पशुओं की समस्या से निजात दिलाने, किसानों की फसल बीमा का क्लेम भी को-आपरेटिव सोसाइटी से कराने, किसानों और मजदूरों को पेंशन योजना, खाद की किल्लत दूर करने, किसानों का कर्ज माफ करने, बिजली की समस्या को हल करने, क्षेत्र में बढ़ती बेरोजगारी को समाप्त कर रोजगार दिलाने, ग्राम सड़कों की स्थिति में सुधार लाने, खतौनी में गलत हिस्सेदारी दर्ज न हो आदि मांगें रखीं। कर्मचारियों की पेंशन बहाली के साथ सांसद और विधायकों की पेंशन रद करने के साथ हिट एंड रन के नए कानून में बदलाव की मांगें भी उठाईं।



ट्रैक्टरों के साथ किसानों ने निकाला जुलूस। ● अमृत विचार

# बिल्डर ने रामायण वाटिका का गेट कटवाया, थाने पहुंचे लोग

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- बिल्डर के खिलाफ तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग
- कॉलोनी के लोगों ने आपस में चंदा करके लगवाया था गेट

**अमृत विचार:** मुंशीनगर क्षेत्र में रामायण वाटिका कालोनी का मुख्य गेट एक बिल्डर ने कटवा दिया। इससे कालोनी के लोगों में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर इज्जतनगर थाने पहुंचे और बिल्डर के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कालोनी के लोगों ने सीओ से भी बात की। इंस्पेक्टर ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

रामायण वाटिका कालोनी में 120 से ज्यादा मकान बने हैं। कालोनी में आने-जाने के लिए एक ही गेट है। लोगों ने आपस में एक लाख रुपये से अधिक चंदा कर गेट लगवाया ताकि जानवर व असामाजिक तत्व कालोनी में प्रवेश न कर सकें। इस नवनिर्मित मुख्य गेट का उद्घाटन वनमंत्री डा. अरुण कुमार ने कुछ दिन पहले किया था। मुख्य गेट के पास जमीन का कुछ टुकड़ा एक बिल्डर का है। सड़क नहीं बनी थी तब तक बिल्डर ने कुछ नहीं बनाया। सड़क बनने के बाद गेट लगने पर बिल्डर ने दो शटर लगवा दिए। इसके बाद बुधवार को बिल्डर ने मुख्य गेट कटवा दिया। इससे कालोनी के लोगों में आक्रोश फैल गया। नवल पांडेय, राजीव श्रीवास्तव, पवन मिश्रा, पुनीत, पियूष उपाध्याय, सोनू आदि बड़ी संख्या में लोग थाने गए और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

## गैर इरादतन हत्या में चार दोषियों को सात वर्ष कैद

**विधि संवाददाता, बरेली :** मीरगंज के गांव सुजातपुर में बच्चों के विवाद में गैर इरादतन हत्या करने के चार अभियुक्तों सलीम, सगीर अहमद, ताहिर और असलम को कोर्ट ने दोषी पाया। अपर सत्र न्यायाधीश बृजेश कुमार यादव ने चारों को सात साल की सश्रम कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने प्रत्येक पर 10-10 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। सरकारी वकील महेश यादव एवं वादी के अधिवक्ता संजय वर्मा के अनुसार वादी जुल्फिकार ने थाना मीरगंज में तहरीर देकर बताया था कि 15 मई 2020 शाम 6 बजे आरोपी एकराय होकर घर में घुस आये और सलीम पर जानलेवा हमला किया था। दूसरे दिन सलीम की अस्पताल में मौत हो गई थी।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का लगाया आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र की एक युवती ने युवक पर चार साल तक शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। युवती के मुताबिक रजा कॉलोनी निवासी अमन अली के चार साल से उससे संबंध हैं। शादी का दबाव बनाने पर आरोपी ने उसका मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया। उसने 29 जून 2023 को थाना बारादरी में शिकायती पत्र दिया तो आरोपी की मां ने शादी का आश्वासन दिया और कहा कि हज से वापस आने के बाद वह रिश्ता लेकर आएंगी। 10 जनवरी को अमन की मां ने कहा कि 26 जनवरी को आ रही हैं लेकिन 25 जनवरी को मना कर दिया। अब आरोपियों ने मोबाइल नंबर भी बंद कर लिए हैं। पुलिस ने अमन अली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## महिला ने राशन को घटिया बताया तो कोटेदार ने पीटा

**बरेली :** कोटे की दुकान पर राशन लेने पहुंची महिला ने खराब राशन देने का आरोप लगाकर विरोध किया। कोटेदार ने घर की महिलाओं के साथ मिलकर उससे मारपीट की। मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस जांच कर रही है।

बिशारतगंज थाना क्षेत्र के गांव ढका निवासी तुलसी देवी ने बताया कि 19 फरवरी को वह बेटी कीर्ति के साथ सरकारी गल्ले की दुकान पर राशन लेने गई थीं। कीर्ति ने गंदा राशन देने का विरोध किया। इस पर कोटेदार और उसके घर की महिलाओं ने उसे जमीन पर गिराकर मारपीट की। बीच बचाव करने पहुंची उनकी दूसरी बेटी मधु के साथ भी मारपीट की और कुंडल छीन लिए गए।

# आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की कैद, जुर्माना

- स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट हरिप्रसाद की कोर्ट ने सुनाया फैसला

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आठ साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी फतेहगंज पश्चिमी गांव चनेट निवासी महेश को कोर्ट ने दोषी पाया। स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट हरिप्रसाद ने दोषी को 20 साल कठोर कारावास की सजा और 17 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। 15 हजार रुपये पीड़िता को बतौर मुआवजा दिए जाएंगे।

सरकारी वकील सोनी बी ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना फतेहगंज पश्चिमी में तहरीर देकर बताया था कि 8 सितंबर 2022 की शाम 4 बजे बेटी मेला ग्राउंड में अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान एक युवक बेटी को टॉफी दिलाने के बहाने ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुत्री ने रात में युवक का नाम बताया। पुलिस ने छेड़छाड़, दुष्कर्म, धमकी देने, पॉक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। शासकीय अधिवक्ता ने नौ गवाह पेश किये।

## महिला के साथ छेड़छाड़ के आरोपी को दो वर्ष कैद

**विधि संवाददाता, बरेली :** महिला के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी थाना भमोरा के गांव चम्पतपुर निवासी कुंवर पाल को स्पेशल जज एससी/एसटी एक्ट अंगद प्रसाद ने दो साल कैद और 3500 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। सरकारी वकील स्वतन्त्र पाठक ने बताया कि पीड़िता ने थाना भमोरा में तहरीर दी थी कि 22 मई 2018 को दावत खाने गयी थी। वहां आरोपी शराब के नशे में धुत था और पुरानी रंजिश होने के कारण छेड़खानी करने लगा। विरोध किया तो जातिसूचक शब्द कह गालियां दीं। लोगों के आने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। शासकीय अधिवक्ता ने सात गवाह पेश किये।

## युवक के हत्यारोपी को जमानत नहीं

**विधि संवाददाता, बरेली :** युवक के हत्यारोपी थाना सिरौली के गांव हरदासपुर निवासी मुकेश की जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश हरेंद्र बहादुर सिंह ने खारिज कर दी। सरकारी वकील रीतराम राजपूत ने बताया कि इशरत बेग ने थाना सिरौली में तहरीर दी थी कि 6 दिसंबर 2023 को उसके भाई नसरत को तौसीफ बेग उर्फ टिंकू घर से बुलाकर ले गया था। शाम को नसरत घर नहीं आया तो तलाश की। 7 दिसम्बर को उसकी लाश मिली थी। तौसीफ ने दो अन्य लोगों के साथ मिलकर भाई की हत्या की है। शासकीय अधिवक्ता ने आरोपी के नौ मुकदमों की क्रिमिनल हिस्ट्री कोर्ट में पेश की।


अमृत विचार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
ADITYA
भूतपूर्व सीनियर कंसल्टेंट- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME: 10:00 AM TO 5:00PM
8077344353
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, शहीद भगत सिंह के बराबर, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव
डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुड़गांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393


## बरात में महिला से छेड़खानी, मारपीट

**बरेली, अमृत विचार :** बरातघर में शादी समारोह में डांस के दौरान युवकों ने महिला से छेड़खानी की। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट भी की। पुलिस ने एक नामजद समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।


देहरादून निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के एक गांव में उनके ममेरे ससुर रहते हैं। 18 फरवरी को ममेरे साले की शादी बदायूं रोड स्थित एक बरात घर में थी। जिसमें शामिल होने के लिए वह पत्नी के साथ आए थे। मेहमानों के साथ उनकी पत्नी भी डीजे पर डांस कर रहीं थीं। इसी दौरान ममेरे ससुर के गांव का अशोक आया और उनकी पत्नी को पकड़ लिया। विरोध करने पर अशोक और उसके तीन साथियों ने मारपीट शुरू कर दी, जिससे बरात में भगदड़ मच गई। मारपीट में वह और उनकी पत्नी घायल हो गईं। सुभाषनगर थाना पुलिस ने अशोक कुमार और उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# आत्महत्या से पहले बनाए वीडियो का पुलिस ने जांच में नहीं किया जिक्र

- कत्था फैक्ट्री के कर्मचारी ने वीडियो में पत्नी और ससुराल वालों पर लगाए थे कई आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर की बीडीए कॉलोनी निवासी विनय उर्फ अंशू ने आत्महत्या करने से पहले वीडियो बनाई थी जिसमें वह पत्नी व ससुरालीजनों पर आरोप लगा रहा है, लेकिन ये वीडियो विवेचक को नहीं मिला। मृतक के भाई ने पुलिस पर मिली भगत का आरोप लगाते हुए एडीजी को शिकायती पत्र देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

बीडीए कॉलोनी निवासी विशाल ने बताया कि उनका भाई विनय कत्था फैक्ट्री में नौकरी करता था। उसकी शादी करमपुर चौधरी थाना इज्जतनगर की युवती से हुई थी। पत्नी व ससुराल पक्ष के लोगों से अंशू का विवाद चल रहा था। अंशू जब पत्नी को बुलाने गया तो उसके साथ मारपीट की गई थी। इससे वह आहत था। 19 जनवरी को वह अपने कमरे में गया। वहां वीडियो बनाई जिसमें वह कह रहा है कि कई माह से उसकी पत्नी व ससुराल पक्ष के लोग देखने नहीं आए। उसके परिजनों ने ही उसका साथ दिया है। उसके घर वाले बहुत बढ़िया हैं। जेब में पर्ची रखते हुए कहा कि जिन लोगों की वजह से वह दुनिया से जा रहा है उनके नाम इस पर्ची में हैं। विशाल ने बताया कि अंशू की जेब से मिले सुसाइड नोट में पत्नी लक्ष्मी, सास सोमवती, साला सचिन, ससुर दानवीर और सलहज लता को मौत का जिम्मेदार बताया है।



आत्महत्या से पहले बनाए गए वीडियो में कारण बताता विनय उर्फ अंशू।

विवेचक ने जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया, लेकिन अब तक एक भी आरोपी गिरफ्तार नहीं किया गया। विशाल ने बताया कि आत्महत्या के बाद विवेचक ने मोबाइल कब्जे में लिया था, लेकिन मोबाइल में अंशू का वीडियो नहीं देखा। आशंका जताई कि जांच में पुलिस ने वीडियो का जिक्र ही नहीं किया है। पुलिस आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। विशाल ने एडीजी को शिकायती पत्र दिया।

## सार-संक्षेप


### जबरन खंभे पर डलवाया तार, करंट लगने से काटना पड़ा एक हाथ, कोर्ट का रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश

**विधि संवाददाता, बरेली :** दबंगों ने युवक को जबरन खंभे पर तार डालने के लिए मजबूर किया था। करंट लगने से युवक का एक हाथ काटना पड़ा और दूसरा बेकार हो गया। मामले में स्पेशल जज एससी/एसटी कोर्ट अंगद प्रसाद ने बहेड़ी थानाध्यक्ष को रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है। अधिवक्ता अमजद सलीम ने बताया कि बहेड़ी के ग्राम मुरारपुर उर्फ मुरचैड़ा निवासी जोगेंद्र सिंह ने कोर्ट में अर्जी देकर बताया कि वह दिहाड़ी मजदूर है। 25 अक्टूबर 2023 को गांव के रहने वाले हरपाल यादव, शेर सिंह, ग्राम प्रधान राजेन्द्र सिंह व लाखन सिंह अपराह्न तीन बजे डीजे लगवाने के लिए ले जाने आए। मना करने पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। मारपीट कर गांव मुड़िया नबी बख्श चौराहा, जहां जागरण होना था, वहां ले गए। कहा कि बिजली लाइन पर कटिया डाल दें। मना करने पर जान से मारने की धमकी दी। जैसे ही खंभे पर तार डालने की कोशिश की, वैसे ही तेज करंट लगा। होश आने पर पता चला कि डॉक्टरों ने एक हाथ काट दिया है। दूसरे हाथ और पूरे शरीर में गम्भीर चोटे हैं। मामले की शिकायत पुलिस से की, मगर सुनवाई नहीं हुई। इस पर कोर्ट की शरण ली।

### पिता-पुत्र ने कन्सलटेन्सी कंपनी के साथ की धोखाधड़ी

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के विष्णुधाम कॉलोनी निवासी सत्येंद्र पाल सिंह ने बताया कि उनकी सिक्स प्लस आईलेट्स एंड इमीग्रेशन नाम से कन्सलटेन्सी कंपनी है। कंपनी विदेश में पढ़ने के इच्छुक बच्चों को प्रवेश दिलाने में मदद करती है। अहमदपुर धौलपुर राजस्थान के मनजोत सिंह गिल और उसके पिता दलजीत सिंह गिल ने कनाडा में पढ़ाई करने की इच्छा जताई। सत्येन्द्र के अनुसार उन्होंने दोनों को बताया कि दस्तावेजों की जिम्मेदारी उन दोनों की ही होगी। दस्तावेज मिलने के बाद प्रक्रिया शुरू कर दी। कनाडा के लंबतो कॉलेज से ऑफर लेटर आ गया। सत्येन्द्र ने मनजोत की फाइल फीस आदि जमा करके दूतावास भेज दी। इसके बाद मनजोत सिंह स्वयं दूतावास में जाकर बायोमैट्रिक आदि कार्य करा आए, लेकिन दस्तावेजों में कमी होने के कारण बीजा नहीं दिया गया। इसी के चलते कॉलेज ने भी फीस वापस करने से मना कर दिया। कॉलेज ने प्रभार लगाते उनकी कमीशन के आठ लाख रुपये रोक लिए। कई बार कहने पर मनजोत सिंह और दिलजीत सिंह दो साथियों के साथ एक दिसंबर को बरेली आए और गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की, जिससे कान का पर्दा फट गया। शिकायत पर इज्जतनगर पुलिस ने मनजोत और उसके पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### राहुल गांधी की न्याय यात्रा में हिस्सा लेंगे मंडल के कांग्रेस कार्यकर्ता




**बरेली, अमृत विचार :** मंडल के कांग्रेस कार्यकर्ता भारी संख्या में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे। बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम ने बताया कि राहुल गांधी की यात्रा 24 और 25 फरवरी को मुरादाबाद, संभल, अलीगढ़ ,बुलंदशहर, आगरा से गुजरेगी। बरेली मंडल से 24 फरवरी को कार्यकर्ता मुरादाबाद रवाना होंगे। बरेली मंडल प्रभारी अनवर अनीस, अखलाक अहमद, मोहम्मद हसनैन अंसारी, फरीद खान, कमर गनी, आसिफ अली, मजहर अली, आफताब आलम अंसारी, हाजी नुसरत अली, सिद्दीक अहमद उस्मानी, सईद अंसारी, अफजल हुसैन, असलम अंसारी, नसीम अख्तर, जुनैद हसन ऐडवोकेट, जिला प्रवक्ता राज शर्मा, ऋषि पाल सिंह, असलम अंसारी, शफ्फाक खान, मैदान शाह मियां , फहीम खान, आमिर खान, कमरुद्दीन सैफी आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### छात्रों को भविष्य निर्माण के प्रति किया जागरूक



**बरेली, अमृत विचार** : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज की ओर से मिशन निरामया के तहत जनकपुरी स्थित लायंस रोहिला इंटर कॉलेज में करियर काउंसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें कक्षा नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वक्ताओं ने बताया कि मिशन निरामया संस्थाओं की रेटिंग से पैरामेडिकल में छात्र-छात्राओं को अच्छे संस्थान के लिए निर्णय लेने में मदद करेगी। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. साक्षी भटनागर ने की। इस दौरान पैरामेडिकल के विभिन्न कोर्स के बारे में जानकारी दी गई। पैरामेडिकल साइंसेज के फिजियोथेरेपी विभाग से स्वर्णिमा सिंह, रेडियोलोजी से प्रियंका सक्सेना, ऑप्टोमेट्री से विष्णु दत्त तिवारी और सकीना जमील, एवन मेडिकल लेबोरेट्री से मुस्कान मलिक ने छात्र-छात्राओं को भविष्य निर्माण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय वैश्वीकरण का है। कोई भी कोर्स या सेवा क्षेत्र किसी से कम नहीं है।

### विदाई समारोह में भावुक हुए सीनियर छात्र




**बरेली, अमृत विचार** : परसाखेड़ा स्थित मुकुंद इंटरनेशलन स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने 12 वीं के छात्रों को विदाई दी। इस दौरान सीनियर छात्र स्कूल से जुड़े पलों को याद कर भावुक हो गए। इस मौके पर स्कूल डायरेक्टर और प्रबंधन ने छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### राधाकृष्णान हाउस के बच्चे बने विजेता



**बरेली, अमृत विचार** : स्टेडियम रोड स्थित कैम्ब्रिज स्कूल में बुधवार को टैगोर और राधाकृष्णन हाउस के बीच अंतर सदन सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता हुई। इसमें राधाकृष्णन हाउस के बच्चे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजेता बने। मुख्य अतिथि एडवोकेट बीके कोचर, प्रबंध निदेशक डॉ. केए वार्ष्णेय ने विजेता बच्चों को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया। निर्णायक मंडल में डॉ. नवनीत कृष्ण वार्ष्णेय और मिथलेश रहीं। अवधेश सक्सेना, साधना चौहान, रश्मि त्रिपाठी, रिम्पी सक्सेना, हिमांशी राजपाल, पीयूष सिंह मौजूद रहे।

### इग्नू केंद्र के समन्वयक को किया सम्मानित

**बरेली, अमृत विचार** : इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के 37वें दीक्षांत समारोह में बरेली कॉलेज के केंद्र समन्वयक प्रो. कमल कुमार सक्सेना को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ में वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. मनोरमा सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कमल सक्सेना पिछले 30 साल में कई कार्यकलापों में योगदान दिया है।

### छात्राओं ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**बरेली, अमृत विचार** : रानी अवंतीबाई महिला महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में बुधवार को छात्राओं ने सरस्वती विहार और हरुनगला में घर-घर जाकर लोगों को महिला और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि जिला अस्पताल के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष कुमार और उनकी टीम ने मानसिक रोग से बचाव की जानकारी दी। टीम ने जरूरी साइकोलॉजिकल परीक्षण भी किया। थाना सुभाष नगर के मुख्य आरक्षी शाहिद अली ने साइबर क्राइम के बारे छात्राओं को जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रिंकू कुमार, डॉ. विकास वर्मा पटेल, डॉ. निशा वर्मा मौजूद रहीं।

### समाज में सामूहिक रूप से रहना बड़ी चुनौती




**बरेली, अमृत विचार** : बरेली कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई प्रथम के शिविर समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संघ ब्रज प्रांत के सह-प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र ने स्वयंसेवकों से कहा कि सभी सात दिन एक समूह में रहे हैं लेकिन आज समाज में सामूहिक रूप से रहना एक बड़ी चुनौती है। आजकल परिवार में एक घर में पांच-छह लोग होंगे लेकिन वह एक साथ नहीं रहना चाहते। यह बहुत तेजी से बदलाव देश में हो रहा है जिसको हम अनुभव नहीं कर पा रहे हैं। प्राचार्य डॉ. ओपी राय, प्रो. आलोक खरे, प्रो. दयाराम, डॉ. बीनम सक्सेना, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजीव यादव, डॉ. मनु प्रताप सिंह मौजूद रहे।

# यूपी बोर्ड परीक्षा के समय में बदलाव, अब सुबह 8:30 बजे शुरू होगी पहली पाली

## हाईस्कूल की 52668 और इंटर की 44526 छात्र-छात्राएं देंगे परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिला नियंत्रण कक्ष से टीमें 24 घंटे करेंगी परीक्षा केंद्रों की निगरानी

**अमृत विचार** : इस बार यूपी बोर्ड परीक्षा के समय में बदलाव किया गया है। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 7:30 के स्थान पर 8:30 बजे शुरू होकर 11:45 बजे और दूसरे पाली की परीक्षा दोपहर 2 से 5:15 बजे तक चलेगी। 133 केंद्रों पर गुरुवार से शुरू हो रही परीक्षा में हाईस्कूल में 52,668 और इंटर में 44526 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। अफसरों का दावा है कि परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला नियंत्रण कक्ष से तीन टीमें निरंतर परीक्षा केंद्रों की निगरानी करेंगी।

डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि यदि कोई कक्ष निरीक्षक या कर्मी परीक्षा केंद्र पर 30 मिनट की देरी से पहुंचता है तो उसका स्पष्टीकरण तलब किया जाएगा। वहीं कोई परीक्षार्थी देरी से आता है तो उसे प्रवेश के लिए केंद्र पर उपस्थित सक्षम अधिकारियों से अनुमति लेनी होगी। परीक्षा के दौरान केंद्र के एक किमी के दायरे में खोखे, फोटो स्टेट आदि दुकानें बंद रहेंगी।



कार्यालय परिसर में बने कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते डीआईओएस देवकी सिंह।

### वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर तथ्यपरक और स्पष्ट लिखें

पहले दिन गुरुवार को हाईस्कूल के छात्र प्रारंभिक हिंदी और इंटर के छात्र सैन्य विज्ञान की परीक्षा देंगे। विषय विशेषज्ञों ने परीक्षार्थियों को कुछ सुझाव दिए हैं, जिससे परीक्षा में अच्छे अंक अर्जित किए जा सकते हैं। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में हिंदी की प्रवक्ता ममता कुमारी का कहना है कि वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर तथ्यपरक और स्पष्ट लिखें और प्रयास करें कि व्याकरण तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियां न हों। उत्तर लिखते समय अंक के अनुरूप शब्द सीमा का ध्यान रखें। धैर्य के साथ परीक्षा दें। मौलाना आजाद इंटर कॉलेज में हिंदी के प्रवक्ता डा. छोटे लाल ने बताया कि निर्धारित खंड काव्य के ही प्रश्नों का उत्तर लिखें। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि छात्र प्रश्न पत्र प्राप्त होने के बाद सबसे पहले पूरा पेपर ध्यान से एकाग्र होकर पढ़ें। प्रश्न पत्र में दिए गए निर्देशों को अच्छी तरह समझने के बाद लिखना शुरू करें, ताकि किसी प्रकार की कोई दिक्कत न आए।

### जोनल, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट रहेंगे सक्रिय

नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए जोनल, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों व कक्ष निरीक्षकों को विशेष दिशा निर्देश दिए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए डीआईओएस कार्यालय परिसर में ही जिला नियंत्रण कक्ष तैयार कर इंटरनेट व राउटर के माध्यम से जोड़ दिया गया है, ताकि केंद्रों की 24 घंटे निगरानी हो सके। डीआईओएस के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन किया है। यह टीमें केंद्रों की निगरानी करेंगी।

### कहीं परीक्षा में खलल न डाले बिजली के काम

**बरेली, अमृत विचार** : अनुरक्षण कार्य के चलते रोज किसी न किसी क्षेत्र में शटडाउन लिया जा रहा है। इससे आपूर्ति प्रभावित हो रही है। गुरुवार से बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। परीक्षा के दौरान बिजली गुल होने से केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे बंद होने से परेशानी हो सकती है। एक दिन पहले किला क्षेत्र में कटौती की गई थी। इस बार परीक्षा केंद्रों पर 24 घंटे आपूर्ति देने संबंध भी कोई आदेश नहीं आया है। अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि परीक्षा के दौरान पहले की तरह ही आपूर्ति दी जाएगी।

# बोर्ड परीक्षा से पहले बढ़े बच्चों में परफॉर्मेंस एंग्जाइटी के केस

- मन कक्ष में दो महीने से लगातार बढ़ रहे मामले, परिजन करा रहे बच्चों की काउंसिलिंग
- विशेषज्ञों की सलाह- अभिभावक तनावमुक्त रखें माहौल, बच्चों पर न बनाएं अच्छे नंबरों का दबाव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** आज से बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए छात्र कई माह से पढ़ाई में जुटे हैं। अत्यधिक तनाव के चलते बच्चों की मनोदशा पर गंभीर प्रभाव देखने को मिल रहा है। अधिकांश परीक्षार्थियों में परफॉर्मेंस एंग्जाइटी के लक्षण सामने आ रहे हैं। करीब दो माह से जिला अस्पताल स्थित मन कक्ष में परफॉर्मेंस एंग्जाइटी के मामलों में बढ़ोत्तरी हुई है।

मन कक्ष प्रभारी डॉ. आशीष बताते हैं परफॉर्मेंस एंग्जाइटी के मामले अक्सर बोर्ड परीक्षा के दौरान ही पढ़ते हैं। इसमें बच्चा परीक्षा की तैयारी का इस कदर तनाव ले लेता है कि परीक्षा के दौरान ही पेपर सामने आने पर कई बार बेहोश हो जाता है या पेट संबंधी विकारों की गिरफ्त में भी आ जाता है। इसलिए इस दौरान परिजन बच्चों का विशेष ध्यान रखें।

### ये लक्षण होने पर फौरन लें मनोचिकित्सक की सलाह

- पढ़ाई पर फोकस न कर पाना, लोगों से मिलने से कतराना।
- स्वभाव में चिड़चिड़ापन व गुस्सा बढ़ जाना।
- निराश रहना, डरना, कहीं खोए रहना।
- बहुत ज्यादा सोना या बहुत कम सोना।
- बहुत कम खाना या बहुत ज्यादा भूख लगना।
- सिरदर्द, पेट खराब होना, जल्दी-जल्दी तबीयत खराब होना।
- दिल की धड़कन बढ़ना, सांस लेने में दिक्कत

### बच्चे लेते हैं स्ट्रेस

डॉ. आशीष ने बताया कि बच्चे किसी भी परीक्षा से पहले ही अपने प्रदर्शन को लेकर तनाव ले लेते हैं जो स्ट्रेस का कारण बन जाता है। इस दौरान अपनी तैयारी को कम आंकने, रिजल्ट को लेकर अनिश्चितता होने, मानसिक तनाव, परिवार या शिक्षकों से परीक्षा को लेकर अत्यधिक दबाव पड़ने पर एग्जाम स्ट्रेस का शिकार हो जाता है। बच्चों में परफॉर्मेंस एंग्जाइटी में काफी हद तक परिजनों की भूमिका होती है। परिजन अच्छे अंक लाने या फिर अव्वल आने का दबाव शुरूआत से ही बनाते हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए। घर का माहौल खुशनुमा रखें।

# परास्नातक की परीक्षा में 5860 छात्र हुए शामिल



**बरेली, अमृत विचार** : रुहेलखंड विश्वविद्यालय की परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा में बुधवार को तृतीय सेमेस्टर के 5860 विद्यार्थियों ने 115 केंद्रों पर परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान सिर्फ 83 छात्र किसी कारण से अनुपस्थित रहे। हालांकि इस दौरान कोई भी छात्र नकल करते हुए नहीं पकड़ा गया।

बरेली कॉलेज में भी परीक्षा के दौरान काफी सख्ती की गई। परीक्षा से पहले छात्रों की चेकिंग की गई। इसके अलावा परीक्षा के दौरान भी सचल दल ने चेकिंग की। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि परीक्षा के दौरान सचल दल लगातार सक्रिय है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीनम सक्सेना ने बताया कि बुधवार को 14 सौ छात्र परीक्षा में शामिल हुए। बृहस्पतिवार को 16 सौ छात्रों की परीक्षा होगी।

### एमबीबीएस परीक्षा का कार्यक्रम बदला

**बरेली, अमृत विचार** : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमबीबीएस की मुख्य परीक्षा का कार्यक्रम एक बार फिर से बदला है। आठ मार्च को शिवरात्रि होने की वजह से परीक्षा पर आपत्ति आने के बाद अब इस दिन की परीक्षा 9 मार्च को होगी।

## शोध में दत्तक ग्रहण पर समान विधि बनाने का सुझाव

**बरेली, अमृत विचार** : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विधि विभाग में शोध छात्रा चित्रा सिंह की पीएचडी की मौखिकी परीक्षा हुई। शोधार्थी ने इंटर स्टेट एडॉप्शन : ए कॉम्प्रेटिव स्टडी विद स्पेशल रिफ्रेन्स टू यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका, कनाडा एंड इंडिया शीर्षक पर प्रस्तुतीकरण देते हुए दत्तक ग्रहण पर समान विधि बनाए जाने का सुझाव दिया। विधि के लिए लेकर जागरूकता और एलजीबीटी के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बाह्य परीक्षक चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के प्रो. केके मित्तल रहे। छात्रा ने प्रो. हरवंश दीक्षित के निर्देशन में शोध पूरा किया। विधि विभागाध्यक्ष डॉ. अमित सिंह, डॉ. कामिनी विश्वकर्मा, डॉ. शहनाज अख्तर, डॉ. लक्ष्यलता, नईमुद्दीन, अमित कुमार सिंह, प्रियदर्शिनी, निधि शंकर, रविकर यादव मौजूद रहे।



कैंट स्थित केंद्रीय विद्यालय जेएलए टू में परीक्षा देकर बाहर आते छात्र छात्राएं।

### सीबीएसई : छात्रों ने दी म्यूजिक और हिंदी की परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार** : गुरुवार को 22 केंद्रों पर सीबीएसई 10 वीं के छात्रों ने हिंदी और 12 वीं के विद्यार्थियों ने म्यूजिक की परीक्षा दी। छात्रों उपस्थिति 98 .5 फीसदी रही। सीबीएसई के सिटी समन्वयक वीके मिश्रा ने बताया कि गुरुवार को 12 वीं में पंजीकृत 6916 छात्र इंग्लिश कोर और तीन छात्र इंग्लिश इलेक्टिव विषय की परीक्षा देंगे। इस संबंध में जरूरी निर्देश स्कूलों को जारी कर दिए गए हैं।

### आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण शीघ्र कराएं

**बरेली, अमृत विचार** : डीएम रविन्द्र कुमार ने जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक में बाल विकास परियोजना के अधिकारियों को आंगनबाड़ी भवनों का शीघ्रता से निर्माण कराने के निर्देश दिए। विकास भवन में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि 75 लर्निंग लैब भी बननी हैं। इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए। डीएम ने हॉट कुक मील व्यवस्था को लागू करने, कुपोषित बच्चों को सुपोषित श्रेणी में लाने के निर्देश दिए। सीडीओ जग प्रवेश, डीडीओ दिनेश कुमार, बीएसए संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

## 24 को लखनऊ में होगी एथलेटिक्स प्रतियोगिता

**बरेली, अमृत विचारः** जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव साहिब आलम ने बुधवार को बताया कि 20 वर्ष आयु वर्ग के अंतर्गत बालक-बालिकाओं की उत्तर प्रदेश जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 24 फरवरी को लखनऊ और 25 फरवरी को गाजियाबाद में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए जिला स्तरीय एथलीट टीम का चयन 22 फरवरी को सुबह 9 बजे रिठौरा में आदेश नगर में किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन के लिए खिलाड़ी अपने साथ जन्म प्रमाण पत्र, हाईस्कूल की मार्कशीट, फोटो जरूर साथ लाएं। बताया कि रजिस्ट्रेशन के बिना कोई भी खिलाड़ी प्रतिभाग नहीं कर सकता।

## शिविर में जो सीखा, जीवन में भी उस पर अमल करें

**बरेली, अमृत विचार** : बरेली कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई द्वितीय और तृतीय के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन में प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने स्वयंसेवकों से कहा कि शिविर में जो सात दिन में सीखा है, उसे अपनी जीवन में भी अमल करें। स्वयंसेवक राष्ट्र के निर्माण में हमेशा तत्पर रहें।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बृजवास कुशवाहा ने कई गतिविधियों की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत किया। प्रो. अनूप कुमार ने कहा कि स्वयंसेवक सेवा के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करते हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशार्थ गौतम ने स्वयं सेवकों को सदैव अपने दायित्वों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे, प्रो. एसएस शर्मा, डॉ. दयाराम, डॉ. विकास शर्मा, डॉ. प्रतीक वर्मा, डॉ. राहुल मिश्रा, डॉ. शैल चौधरी, डॉ. ईशा धवन, डॉ. संजय कुमार, डॉ. विवेक त्रिपाठी, डॉ. अखिलेश सिंह मौजूद रहे।

# एकजुट होकर पार्टी के प्रत्याशी के लिए वोट मांगे : अखिलेश



एयरपोर्ट पर अखिलेश यादव से मिलने पहुंचे सपा नेता। ● अमृत विचार

- मुरादाबाद जाते समय एयरपोर्ट पर पार्टी नेताओं से की मुलाकात

**बरेली, अमृत विचारः** लोकसभा के लिए प्रत्याशी घोषित कर दिया है। सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मिलकर प्रत्याशी को चुनाव जिताने के काम में जुट जाएं। यह बात समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कही। वह बुधवार को मुरादाबाद जाते समय बरेली एयरपोर्ट पर कुछ देर रुके।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पार्टी के प्रमुख नेताओं से मुलाकात भी की और कहा कि जनता महंगाई से त्रस्त है। इसलिए जनता के बीच जाकर बीजेपी के झूठे दावों को बताएं और सपा प्रत्याशी के लिए वोट मांगे। उन्होंने सभी से एकजुट होकर सपा प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन को जिताने की बात कही। विधायक अताउर रहमान , वीरपाल सिंह यादव, प्रवीण सिंह ऐरन, नीरज मौर्य, शिव चरन कश्यप, शमीम खां सुल्तानी, भगवत सरन गंगवार, सुल्तान बेग, इस्लाम साबिर, महिपाल यादव, अगम मौर्य, विजयपाल सिंह, राजेश अग्रवाल, शुभलेश यादव, मो कलीमुदीन, मयंक शुक्ला, रविंदर यादव, दीपक शर्मा, शिवप्रताप यादव आदि मौजूद रहे। वहीं, अखिलेश यादव लखनऊ से ही पूर्व जिलाध्यक्ष अगम मौर्य को प्लेन में बैठाकर बरेली साथ लाए थे।

## कंपोजिट ग्रांट देर से आई है लेकिन सही उपयोग करें

**बरेली, अमृत विचारः** विकास भवन सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की। उन्होंने बेसिक के 195 जर्जर व 27 अन्य विद्यालयों की नीलामी के बारे में जानकारी ली और इस संबंध में तेजी लाने के निर्देश दिए। गांव-गांव में लोगों को स्वास्थ्य संबंधी प्रेरणादायी वीडियो दिखाने को भी कहा।

बैठक में बीएसए संजय सिंह ने बताया कि जिन जर्जर विद्यालयों में निर्वाचन बूथ बने हैं, उनकी मरम्मत ग्राम प्रधानों के माध्यम से करा दी गई है। बताया कि नगर निगम क्षेत्र में 18 विद्यालयों में कार्य चल रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इस बार कम्पोजिट ग्रांट देर से आयी है। उसका पूरा उपयोग पुताई, स्मार्ट क्लास संबन्धी आवश्यकताओं व एक रूम को लर्निंग लैब, स्मार्ट क्लास के रूप में विकसित करने में किया जाए। जिले में स्कूलों की जगह लीज पर दी जाती है, उसके एवज में प्राप्त धनराशि का आवश्यकतानुसार सदुपयोग कराया जाए।

# डीएम ने हजियापुर में लक्ष्य से कम टीकाकरण होने पर जताई नाराजगी



विकास भवन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक लेते डीएम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ई-संजीवनी ओपीडी में बहेड़ी शेरगढ़ और दलेलनगर स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति खराब
- जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में टीकाकरण के लक्ष्य को पूरा करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार** : जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीएम रविंद्र कुमार ने हजियापुर क्षेत्र में कम टीकाकरण होने पर नाराजगी जताई। विकास भवन सभागार में बुधवार को आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि जिले में टीकाकरण का जो भी लक्ष्य मिला है, उसे शत-प्रतिशत पूरा कराएं। हजियापुर में टीकाकरण के प्रतिशत में सुधार लाएं। बोले- सीएम डैश बोर्ड की रैंकिंग में सुधार आया है। अब इस प्रगति का बनाए रखें।

डीएम को ई-संजीवनी ओपीडी की समीक्षा में बहेड़ी, शेरगढ़ और दलेलनगर स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति काफी मिली। इसपर उन्होंने तीन दिन में कारण जानने और प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। सुधार न होने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। उन्होंने सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह को आदेश दिया कि एमओआईसी के कार्य की मॉनिटरिंग की जाए। कार्य प्रदर्शन के आधार पर ही उन्हें पोस्टिंग दी जाएगी। जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों का भुगतान की स्थिति में सुधार लाने, परिवार नियोजन के संबंध में प्रगति बढ़ाने, एनआरसी में पूर्ण क्षमता के अनुरूप बच्चों को भर्ती कराने के संबंध में निर्देश दिए।

# सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष जफर बेग भाजपा में शामिल




लखनऊ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री के समक्ष भाजपा ज्वाइन करते सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष जफर बेग।

- कहा, प्राइवेट लिमिटेड पार्टी से अलग होकर अब लोकतांत्रिक पार्टी में काम करूंगा

**बरेली, अमृत विचार** : सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष जफर बेग भी भाजपा में शामिल हो गए हैं। बुधवार को उन्होंने लखनऊ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ली। बरेली में मुस्लिमों में ठीकठाक पकड़ रखने वाले जफर के सपा छोड़ने के बाद पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं की उपेक्षा पर कई सपा नेताओं ने फोन पर उनके इस कदम का समर्थन किया है।

जफर बेग समाजवादी पार्टी में 2007 में शामिल हुए थे। उनकी कार्यकुशलता देखकर 2010 में महानगर अध्यक्ष बनाया गया। 2012 में प्रदेश में सपा सरकार बनी तब पूरे कार्यकाल जफर महानगर अध्यक्ष रहे। 2017 में अखिलेश को पार्टी से निकाला गया तो जफर ने उनके समर्थन में पद से इस्तीफा दे दिया था। तभी से वह पदविहीन थे। 2016 में शहर विधानसभा सीट से उनका नाम घोषित हुआ लेकिन बाद में टिकट बदल दिया। 2017 में कैंट सीट से प्रत्याशी घोषित करने के बाद फिर टिकट बदला गया। लगातार उपेक्षा के बावजूद पार्टी नहीं छोड़ी। मेयर और विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार करते रहे।

जफर बेग ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश को अब चाटुकार और काम नहीं करने वाले लोग ज्यादा पसंद हैं। मेहनत करने वाले नेताओं-कार्यकर्ताओं की पूछ कम होती जा रही है। ऐसे में पार्टी के अंदर तमाम नेता-कार्यकर्ता हतोत्साहित हैं। पीडीए में ए का कोई महत्व नहीं है। उन्होंने कहा कि मेरा सौभाग्य दोगुना हो गया है कि प्राइवेट लिमिटेड पार्टी नहीं बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी और देश की एक मात्र लोकतांत्रिक पार्टी में रहकर देश की अखंडता मजबूत करने और समाज की सेवा करने का अवसर प्राप्त होगा।

# ग्रेपलिंग में रुविवि की टीमों ने जीते कई पदक

- प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने 13 पदक अपने नाम किए

**बरेली, अमृत विचार** : रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ग्रेपलिंग महिला और पुरुष टीमों ने अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालयी ग्रेपलिन्ग प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत और कान्स्य पदक जीते हैं। टीमों ने 13 पदक अपने नाम किए।

क्रीड़ा सचिव प्रो. आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि 16 से 19 फरवरी तक जगदीश प्रसाद झाबरमल टिबरेवाला विश्वविद्यालय राजस्थान में हुई प्रतियोगिता में महिला और पुरुष खिलाड़ियों ने एनओ जीआई महिला, जीआई पुरुष और एनओजीआई पुरुष में स्वर्ण, रजत और कान्स्य पदक जीते हैं।

एमओ जीआई महिला में एआरएम कॉलेज संभल की तब्बू ने 62 किलो में स्वर्ण, बरेली कॉलेज की भूमिका चंद्रा ने 58 किलो में रजत और साहू रामस्वरूप महिला कॉलेज की आकांक्षा सक्सेना ने 42 किलो में रजत पदक जीता। जीआई पुरुष में बरेली कॉलेज के शिवम दिवाकर ने 46 किलो में स्वर्ण, खुशरो डिग्री कॉलेज के दुर्वेश पाल ने 50 किलो में स्वर्ण, हिंदू कॉलेज मुरादाबाद के सचिन कुमार सिंह ने 86 किलो में स्वर्ण, देवांश सिंह ने 82 किलो में रजत, एमएएम कॉलेज बरेली के दिक्षांत ने 58 किलो में, झम्मन लाल कॉलेज हसनपुर अमरोहा के देवा सिंह 70 किलो और एचएमएम डिग्री कॉलेज मुरादाबाद के हिमांशु यादव ने 62 किलो में कान्स्य पदक जीता है। इसके अलावा एनओजीआई पुरुष प्रतियोगिता में लक्ष्य कॉलेज बिजनौर के जतिन सिंह धारीवाल ने 74 किलो में स्वर्ण और बरेली कॉलेज के शिवम दिवाकर ने 46 किलो में कान्स्य पदक जीता है। कुलपति प्रो. केपी सिंह, क्रीड़ा सचिव, कुलसचिव अजय कृष्ण यादव, डॉ. नीरज यादव ने पदक पाने वाले छात्रों बधाई दी।



# युवती को उठा ले जाने की धमकी आबकारी सिपाही पर एफआईआर

## फैशन शॉप पर काम करने वाली युवती पर शादी करने का दबाव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कासगंज के सोरों कस्बे में तैनात है आरोपी सिपाही
- दुकान पर आकर गालीगलौज और धमकी देने का आरोप

**अमृत विचार :** कैंट क्षेत्र में रहने वाली युवती की शिकायत पर आबकारी सिपाही के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है। युवती का आरोप है कि वह एक दुकान पर सेल्सगर्ल है। सिपाही तीन साल से उसे परेशान कर रहा है। वह दुकान पर आकर उसे अपहरण की धमकी देता है। गालीगलौज भी करता है।

युवती ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह कोतवाली क्षेत्र में फैशन शॉप पर नौकरी करती है। आबकारी विभाग कासगंज के सोरों कस्बे में तैनात सिपाही विशाल चौहान तीन साल से उसे परेशान कर रहा है। एक बार कोतवाली में शिकायती पत्र दिया था। तब उसने थाने में पहुंचकर माफी मांग ली थी। कुछ दिन बाद वह दोबारा परेशान करने लगा। वह गालीगलौज करने के साथ उसे जान से मारने और बाजार में बदनाम करने की धमकी देता है। वह उसे कहना न मानने पर दुकान से उठा ले जाने की धमकी देकर कहता है कि वह खुद पुलिस में है इसलिए उसका कुछ नहीं होगा। अक्सर फोन करता है, दोस्तों से भी फोन कराकर परेशान करता है। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने सिपाही के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उधर सिपाही ने बताया कि वह युवती से शादी करना चाहता है। उसका समझौता हो गया है। कोतवाली इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। अभी कोई समझौता उन्हें नहीं मिला है।

## फंदे पर लटककर युवक ने दी जान

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र के राजीव नगर कॉलोनी निवासी एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

राजीव नगर कॉलोनी में पानी के पंप के पास रहने वाले प्रेमकुमार के बेटे सूरज (27) ने बुधवार रात करीब 10 बजे घर के कमरे में फंदा लगा लिया। परिवार के लोग कमरे में पहुंचे तो सूरज का शव लटका देख चीख-पुकार मच गई। मोहल्ले के लोग पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। सूरज की मौत से पिता , माता प्रेमवती, पत्नी व बेटे का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस के अनुसार युवक नशे का आदी था।

## सार-संक्षेप

### जिला अस्पताल के डॉक्टरों की संस्तुति पर ही हो रहे हैं सीटी स्कैन

**बरेली, अमृत विचार :** तीन सौ बेड अस्पताल में नई सीटी स्कैन मशीन लगने के बाद से रोज मरीज जांच कराने पहुंच रहे हैं। इस तरह एक माह में 40 से अधिक मरीज सीटी स्कैन करा चुके हैं। अब तक जिन मरीजों ने सीटी स्कैन कराया है वे सभी जिला अस्पताल की ओपीडी में परामर्श लेकर यहां जांच कराने पहुंचे। तीन सौ बेड अस्पताल में भी ओपीडी का संचालन किया जा रहा है लेकिन यहां डॉक्टर मरीजों को जांच नहीं लिख रहे हैं। हालांकि डॉक्टर के अनुसार बहुत ज्यादा जरूरी होने पर मरीज की जांच कराई जाती है। ओपीडी में आने वाले मरीजों को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक व गंभीर मरीजों को 24 घंटे सुविधा का लाभ दिया जाएगा। यूनिट में पूरे शरीर की 20 से अधिक जांच मरीज करा सकेंगे। ये सुविधा निशुल्क है।

### उमाशंकर सपा अधिवक्ता सभा के जिला उपाध्यक्ष नामित

**विधि संवाददाता, बरेली :** समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर यादव के अनुमोदन पर जिलाध्यक्ष श्यामवीर सिंह यादव ने उमाशंकर यादव को जिला उपाध्यक्ष समाजवादी अधिवक्ता सभा और दिनेश पाल सिंह को आंवला विधानसभा क्षेत्र का अध्यक्ष नामित किया है। जिला उपाध्यक्ष मो . मुस्तकीम, धर्मेंद्र गंगवार, आरडी कश्यप, कोषाध्यक्ष रामसेवक, जिला सचिव राजेंद्र यादव,शादाब अल्वी, रेहान खान, महेश कुमार सिंह, यशवीर सिंह आदि ने बधाई दी।

### एसडीएम ने निरस्त किया पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र

**बरेली, अमृत विचार :** एसडीएम सदर ने वास्तविक तथ्य न मिलने पर एक महिला और उसके बेटे का पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया है। एसडीएम सदर के अनुसार खलीलपुर रोड सीबीगंज निवासी प्रभा देवी ने पति लक्ष्मी नारायण की मृत्यु के बाद पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था। उन्होंने बताया कि लक्ष्मी नारायण के परिवार में वह और उनका एक बेटा व बेटी है। प्रमाण पत्र जारी होने के बाद मीनू शर्मा ने आपत्ति दर्ज कराई। मीनू के अनुसार लक्ष्मीनारायण उनके पिता थे, जिन्होंने 32 वर्ष पूर्व उनकी मां उन्हें व एक बहन को घर से निकाल दिया था। उनकी मां और दोनों बहने बंजरिया में रहती हैं। आपत्ति के बाद एसडीएम ने प्रमाण पत्र को निरस्त करने का आदेश जारी कर दिया है। एसडीएम ने आदेश में कहा कि यदि इस प्रमाण पत्र को लाभ के लिए प्रयोग किया जाता है तो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### व्यापार मंडल ने नाथ कॉरिडोर की सड़कों की गुणवत्ता पर उठाए सवाल

| क्र. सं. | कार्य का नाम | माप | अनुमानित लागत | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. रूप चन्द के मकान से केशव राम के मकान तक इण्टरलॉक निर्माण | 75 मी. | 358055.00 | मनरेगा |
| 2. | शिव पूजन के घर से ठाकुर के घर तक इण्टरलॉक निर्माण | 70 मी. | 335129.00 | मनरेगा |

उक्त कार्य हेतु प्रथम श्रेणी की ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, बालू, इण्टरलॉक ईट एवं अन्य निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 22.02.2024 से 28.02.2024 तक दोपहर 02:00 बजे तक जमा कर सकते हैं तथा निविदा दिनांक 28.02.2024 को दोपहर 03:00 बजे गठित समिति के मध्य खोली जायेगी। किसी भी निविदा/सभी को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

बृजेश कुमार सविता, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत-वजीर नगर — राम सागर, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत-वजीर नगर

**कार्यालय प्राथमिक विद्यालय हैवतपुर, वि.क्षे. क्यारा, जिला बरेली**

**नीलामी सूचना**

कार्यालय जि.बे. शिक्षा अधिकारी के पत्र सं. एस.एस.ए. निर्माण 4600-05/2023-24 दि. 15.12.2023 के अनुक्रम में परिषदीय प्रा.वि. हैवतपुर, क्यारा के जर्जर भवन की नीलामी हेतु

| विद्यालय का नाम | भवन की धनराशि | न्यूनतम बोली की धनराशि | धरोहर धनराशि | नीलामी की दिनांक | नीलामी न होने की स्थिति में द्वितीय नीलामी दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रा.वि. हैवतपुर | जर्जर | 1,51,542.12 | 15154 | 23.02.2024 | 25.02.2024 |

**नीलामी हेतु नियम व शर्तें :-** 1. नीलामी हेतु कोई भी व्यक्ति या फर्म कॉलम (4) में अंकित धनराशि नगद जमा कर नीलामी में प्रतिभाग कर सकता है। 2. बोलीदाता का आधार, जी.एस.टी. व पैन नं. अनिवार्य है। 3. अधिकतम बोलीदाता को उसी दिन अथवा अगले कार्यदिवस में बोली की धनराशि विद्यालय प्रबन्ध समिति के खाते में जमा करनी होगी। 4. जमा धनरशि की पुष्टि के उपरान्त ध्वस्तीकरण का आदेश दिया जायेगा। 5. निर्धारित समय में धनरशि जमा न होने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी तथा नीलामी पुन: की जायेगी। 6. ध्वस्तीकरण आदेश जारी होने के 7 दिवस के अन्दर जर्जर भवन के मलवा को हटाना होगा। 7. असफल बोलीदाता की धरोहर धनराशि नीलामी के बाद वापस कर दी जायेगी। 8. किसी भी विवाद की स्थित में अन्तिम निर्णय समिति का मान्य होगा।

हरीश कुमार (अध्यक्ष), वि.प्र. समिति, प्रा.वि. हैवतपुर, क्यारा, बरेली — भगवान सिंह (सचिव) मो. 9548458134, वि.प्र. समिति, प्रा.वि. हैवतपुर, क्यारा, बरेली

XI-HC-42 — Responder No. 8,9

उच्च न्यायालय, मध्य प्रदेश, जबलपुर
प्रत्यधी को अपील की सूचना (नोटिस)
(अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14)
अपील क्रमांक PA/972/2023
HEMANT KUMAR DUBEY and other अपीलार्थी
TRIBHUVAN MURARI DUBEY and other प्रत्यर्थी

सन् 2015 के RCS-A क्रमांक 21 सन् 2015 में न्यायालय I Additional District & Session Judge Shri Dinesh Singh Rana Sagar (Madhya Pradesh) की डिग्री/आदेश दिनांक 21-12-2022 के विरूद्ध अपील

PID 17743/2024 R-8 Kirtikar Tripathi S/o Not Mention R/o 11, Chanakyapuri Bareilly Director Bareilly (UTTAR PRADESH) प्रत्यर्थी

PID 17744/2024 R-9 Vasu S/o Kirtikar Tripathi R/o 11 Chanakyapuri, Bareilly Director Bareilly (UTTAR PRADESH) प्रत्यर्थी

अपील की सुनवाई का दिनांक : कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीकृत की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 04.03.2024 नियत की गई है। आपत्तियां प्रति आपत्तियां, यदि कोई हो, इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए। R

कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक : कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 04.03.2024 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातें करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें। सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक है कि जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है।

**सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये :-**

| कागज का विवरण (दिनांक सुभेदक चिन्ह तथा पृष्ठ संख्या) | पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है (यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो तो पंक्तियों आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें | कागजात की पुस्तक का पृष्ठ (कार्यालय में भरा जाय) |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |

यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हों, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 04.03.2024 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें।

आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के कामकाज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो उसके यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा।

अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश जबलपुर की मुहर से दिया गया।

27.01.2024
मुहर — हस्ताक्षर
प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा

तामील किए जाने और मूलप्रति दिनांक 04.03.2024 तक सम्यक् रूप से पृष्ठांकित कर वापस लौटाने के लिए श्री Principal District Judge District Sagar (Madhya Pradesh) को अग्रेषित।

आवश्यक आदेशिका फीस उद्गृहीत कर ली गई है। — हस्ताक्षर
प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा
FA-DA-6

# श्रीराम विवाह का प्रसंग सुनाया



आनंद आश्रम में श्रीराम कथा सुनने पहुंचे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** अध्यात्म की गूंज संस्था की ओर से आनंद आश्रम में आयोजित श्रीराम कथा में बुधवार को पुष्प वाटिका, धनुष भंग और श्रीराम विवाह प्रसंग सुनाया गया। कथावाचिका यशुमति ने बताया कि राजा जनक के दरबार में शिव का धनुष रखा था।

एक दिन सीता ने घर की साज-सज्जा और सफाई करते हुए धनुष को उठाकर दूसरी जगह रख दिया। इसे देखकर राजा जनक आश्चर्य में पड़ गए, क्योंकि शिव का दिव्य धनुष उठा पाना तो दूर कोई साधारण मानव हिला भी नहीं सकता था। राजा ने प्रतिज्ञा कि जो इस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उसी से सीता का स्वयंवर होगा। स्वयंवर की निर्धारित तिथि पर सभी देश के राजा और महाराजाओं को आमंत्रित किया गया। अनेक प्रांतों से पहुंचे एक से बढ़कर एक बलशाली राजाओं ने धनुष को उठाने की चेष्टा की, लेकिन किसी को सफलता नहीं मिली। यह देख राजा जनक भी सोच में पड़ गए कि अब सीता का विवाह कैसे होगा। यहां गुरु के साथ श्रीराम और लक्ष्मण भी आए थे। गुरु की आज्ञा पाकर श्रीराम ने जैसे ही धनुष उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाने की कोशिश की, वैसे ही वह खंडित हो गया। सीता का विवाह श्रीराम के साथ हुआ। कथा में भजनों की धुन पर श्रद्धालु थिरकते रहे।



यशुमति कथा सुनातीं हुई।

### पांच केंद्रों पर आज से बोर्ड की परीक्षा देंगे छात्र

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां पूरी कर ली गई है। क्षेत्र में पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिन पर अध्यापकों की ड्यूटी लगा दी गई है, पुलिस की भी व्यापक व्यवस्था की गई है। कस्बे के कृषक समाज इंटर कॉलेज, टिसुआ के कस्तूरी लाल इंटर कॉलेज, तरा गांव के नारायणी देवी इंटर कॉलेज, रधौली कला गांव के राम प्रताप इंटर कॉलेज, कादरगंज पडेरा के सतीश चंद्र इंटर कॉलेज, को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सकुशल परीक्षा कराने के लिए इन परीक्षा केंद्रों पर बेसिक शिक्षा विभाग के अध्यापक समेत निजी शिक्षकों की भी ड्यूटी लगाई गई है। इंस्पेक्टर क्राइम श्यामवीर सिंह ने बताया कि गुरुवार से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षाओं के चलते सभी परीक्षा केंद्रों पर व्यापक पुलिस व्यवस्था की गई है।

# नहर में गिरी मां-बेटी, रील बनाते वक्त डूबा युवक, एक की मौत

## महिला को राहगीरों की मदद से सुरक्षित निकाला गया

संवाददाता, अमरिया (पीलीभीत)

• दूसरे मामले में दोस्तों के साथ घूमने डैम पर आया था युवक

**अमृत विचार:** घर से बिना बताए निकलने के बाद शारदा नहर पुल पर तीन साल की बच्ची संग बैठी महिला अचानक नहर में गिर गई। शोर पर भीड़ जमा हुई। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद महिला को सुरक्षित निकाल लिया गया जबकि बच्ची की मौत हो गई।

परिवार वालों ने किसी तरह की कार्रवाई से इनकार कर दिया। हादसे के चलते मौके पर भीड़ जमा रही। वहीं, बुधवार को भी एक युवक रील बनाते वक्त पौटा डैम में डूब गया। जिसकी तलाश को दिन भर टीमें जुटी रहीं। अमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम देवरनिया की रहने वाली साजिदा (40) की शादी बरेली जिले के भोजीपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम धौरिया निवासी छोटे खां से हुई है। उसके चार बच्चे हैं। करीब पच्चीस दिन से वह बच्चों संग मायके में रह रही है। मंगलवार को महिला तीन साल की बेटी अनीता को लेकर घर से निकल गई। शाम करीब सात बजे वह रसूलपुर फरदिया गांव के पास शारदा नहर पुल पर बच्ची को लेकर बैठी हुई थी। बताते हैं कि वह बच्ची संग नहर में गिर गई। कुछ ही देर में मौके पर लोग जमा हो गए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची गई। ग्रामीणों की मदद से महिला को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका। हालांकि बच्ची की मौत हो गई। फिर रात को परिवार वाले भी आ गए। मायके वालों ने महिला को मानसिक रूप से बीमार बताते हुए कार्रवाई से इनकार कर दिया। उधर, दूसरे दिन बुधवार दोपहर को भी एक युवक मोबाइल पर रील बनाते वक्त डैम में डूब गया। गाजीपुर के रहने वाले सुरेश पासवान काफी समय से उत्तराखंड के रुद्रपुर इलाके में परिवार समेत रह रहे हैं। उनका 18 वर्षीय पुत्र सत्यम बुधवार को अपने तीन दोस्तों के साथ बुधवार को अमरिया क्षेत्र के पौटा डैम आया था।

## रात में नहीं बंद होगा चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट

**लखनऊ, अमृत विचार :** निर्माण कार्यों को लेकर चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट को बंद करने के प्रस्ताव को हरी झंडी नहीं मिली है। एयरपोर्ट को 29 फरवरी से रात 10 से सुबह 6 बजे तक बंद करके टैक्सी ट्रैक समेत अन्य काम कराने थे। मौसम सामान्य होने और आमदनी प्रभावित होने के कारण फिलहाल बंदी के निर्णय को टाल दिया गया है।

बता दें कि चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर रोजाना करीब 170 विमान उड़ान भरते हैं। एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल का निर्माण हो रहा है। साथ ही एरो ब्रिज और पार्किंग वे का निर्माण हो रहा है। एरो ब्रिज बनने से यात्रियों को यह लाभ होगा कि टर्मिनल से सीधे एयर क्राफ्ट में चले जाएंगे। अभी तक सीढ़ी लगने के बाद यात्री उतरते थे। कई बार यात्रियों को बारिश में भीगते हुए एयर क्राफ्ट तक जाना पड़ता था।

# मेडिकल लीव के दौरान सचिव ने निकाले 28.72 लाख, निलंबित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

• जांच में दोषी पाए जाने पर डीपीआरओ ने की कार्रवाई

**अमृत विचार:** पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान गठजोड़ का नया कारनामा सामने आया है। एक पंचायत सचिव ने ग्राम प्रधानों के साथ षड्यंत्र कर ग्राम निधि खातों से 28.72 लाख रुपये निकाल लिए। सचिव ने लाखों रुपये की धनराशि मेडिकल लीव पर रहने के दौरान निकाली। मामले का खुलासा होने पर डीपीआरओ ने पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया।

ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कराने के नाम पर सरकारी धन के दुरुपयोग के मामले अकसर प्रकाश में आते रहते हैं। इन मामले में लिप्त सचिवों और प्रधानों के खिलाफ कार्रवाई भी होती रहती है। इन सबके बावजूद सरकारी धन के बंदरबांट के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इधर सचिव और प्रधान गठजोड़ का एक नया मामला सामने आया है। मामला विकास खंड मरौरी का है। मरौरी ब्लॉक में तैनात सचिव अनिल कुमार ने आठ जनवरी से 18 फरवरी तक मेडिकल लीव ली थी। बताते हैं कि इस दौरान सचिव ने ग्राम प्रधानों के साथ षड्यंत्र रचकर डोंगल लगाकर ग्राम निधि खातों से लाखों रुपये की धनराशि निकाल ली। मामला अफसरों के संज्ञान में आया तो इसकी पड़ताल की गई। पता चला कि पंचायत सचिव अनिल कुमार ने मेडिकल लीव पर रहते हुए ग्राम प्रधानों के साथ षडयंत्र रचकर ग्राम निधि खातों से 28 लाख 72 हजार 806 रुपये निकाल लिए। यह धनराशि ग्राम पंचायत बनौसा, दियूनी बहादुरगंज, इग्घरा, कुर्रईया, मकतुल, सरायसुंदरपुर, अलकथान, लौकहा, नरायनठेर, प्रताप नगर समेत 12 ग्राम पंचायतों से निकाली गई।

## सार-संक्षेप

### डेढ़ साल की बच्ची की नाली में गिरकर मौत

**सिंगाई (लखीमपुर), अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला भेड़ौरा में ब्रह्मबाबा स्थान के पास अपनी दो बहनों के साथ खेल रही डेढ़ साल की बच्ची का अचानक पैर फिसल गया और वह पानी भरी नाली में गिर गई। परिवार के लोग जब तक उसे बाहर निकालते, उसकी मौत हो चुकी थी। बच्ची की मौत से परिवार में चीख पुकार मच गई। नगर के मोहल्ला भेडौरा वार्ड चार निवासी सुरेश गुप्ता की डेढ़ साल की पुत्री मानवी बुधवार को पड़ोस में स्थित ब्रह्म बाबा स्थल पर अपनी बहन हीमरता व पीहू के साथ खेल रही थी। खेलते समय उसका पैर फिसल गया और वह चिरकुवा सड़क पर जाने वाली नाली में जा गिरी। नाली में पानी अधिक होने से वह डूब गई। दोनों बहनें भागकर घर पहुंचीं और मानवी के नाली में गिरने की सूचना दी। रोते-बिलखते परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। बच्ची को नाली से बाहर निकाला लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। नाली में गिरकर बच्ची की मौत होने की खबर पर मोहल्ले के तमाम लोगों की भीड़ लग गई। परिवार वालों का रो-रोकर हाल बेहाल है। एसओ जेबी सिंह ने बताया कि परिजनों की तरफ से हादसे की जानकारी नहीं दी गई है।

### बदमाशों ने फाइनेंस कंपनी के कर्मी से तीन लाख लूटे

**सेहरामऊ दक्षिणी (शाहजहांपुर), अमृत विचार :** सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र में बुधवार को दिनदहाड़े बाइक सवार दो बदमाशों ने तमंचे के बल पर चांदापुर रोड पर सरौरी गांव के सामने भारत फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से तीन लाख रुपये और मोबाइल फोन लूट लिए। रकम बैग में रखी थी। कर्मचारी किस्तें वसूलकर बाइक से शहर लौट रहा था। लूट की घटना से पुलिस में खलबली मच गई। एएसपी व सीओ ने मौका मुआयना किया। चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला साउथ सिटी कॉलोनी निवासी विशेष तिवारी भारत फाइनेंस कंपनी में कार्यरत हैं। बुधवार सुबह वह किस्तें वसूलने के लिए सेहरामऊ दक्षिणी के गांव बबक्करपुर गए थे। वहां उन्होंने कई लोगों से किस्तों के तीन लाख रुपये वसूले और एक बैग में रखकर चल दिए। विशेष तिवारी ने बताया कि अपराह्न करीब 3 बजे वह बाइक से चांदापुर रोड पर सरौरी गांव के सामने सखी बाबा मंदिर के निकट पहुंचे थे तभी बाइक पर सवार दो बदमाशों ने ओवरटेक कर उन्हें रोक लिया। एक बदमाश बाइक पर बैठा रहा।

### बंदर के हमले में छह साल का बालक घायल



**दढ़ियाल( रामपुर), अमृत विचार :** नगर के एक मोहल्ले में बंदरों ने घर में खेल रहे एक छह साल के बच्चे पर हमला बोल दिया। बंदरों के हमले में बच्चा घायल हो गया। बच्चे को निजी चिकित्सक को दिखाया गया। चिकित्सक ने उसके कई टांके लगाए हैं। नगर के लोगों ने बंदरों को पकड़ने की मांग की है। नगर के मोहल्ला हबीब नगर में साजिद अली का परिवार रहता है। साजिद अली मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। बुधवार शाम पांच बजे साजिद अली का छह वर्षीय बेटा मोहम्मद हस्सान अपने घर में खेल रहा था।जीने के रास्ते घर में घुसे बंदरों के झुंड ने बच्चे पर हमला बोल दिया। बच्चे की समझ पाती इससे पहले ही बंदरों ने उसे लहूलुहान कर दिया। मां की चीख पुकार की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग जमा हो गए। किसी तरह बंदरों को वहां से खदेड़ा। घायल मोहम्मद हस्सान को परिजन आनन-फानन निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां पर उसके घायल मोहम्मद हस्सान के आठ टांके लगे हैं।

### 5000 की रिश्वत लेते दरोगा गिरफ्तार



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एंटी करप्शन की टीम ने सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक दरोगा को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी दरोगा शस्त्र लाइसेंस की रिपोर्ट लगाने के नाम पर पीड़ित से 20,000 रुपये की रिश्वत मांग रहा था। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र गांव विशनपुर भीमारेठ निवासी निजार खान ने शस्त्र लाइसेंस के लिए आवेदन कर रखा हैं। जिसकी रिपोर्ट अगवानपुर चौकी पर तैनात दरोगा महेश कुमार को लगानी थी। रिपोर्ट लगाने के लिए दरोगा महेश कुमार तीन माह से चौकी के चक्कर कटवा रहे थे। महेश कुमार ने उससे रिपोर्ट लगवाने के नाम पर 20 हजार रुपए की डिमांड की। जिसमें तय हुआ कि पांच हजार पहले और 15 हजार रिपोर्ट लगाने के बाद दिए जाएंगे। लेकिन, दरोगा को सबक सिखाने के लिए निजार खान ने उसकी शिकायत एंटी करप्शन के सीओ मोहम्मद फाजिल सिद्दीकी से की। उन्होंने जांच की तो आरोप सही पाए गए।

### अस्पताल में भर्ती बर्क से मिले अखिलेश, जाना हाल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बुधवार को मुरादाबाद में संभल के सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के स्वास्थ्य का हाल जानने कांठ रोड स्थित निजी हास्पिटल पहुंचे। यहां उनसे संभल सांसद के पौत्र और कुंदरकी के विधायक जियाउर रहमान बर्क ने हास्पिटल के गेट पर ही मुलाकात की। इसके बाद अखिलेश यादव उनके साथ अस्पताल के आईसीयू में भर्ती सांसद शफीकुर्रहमान बर्क से मिलने पहुंचे। आईसीयू में करीब 15 मिनट तक वह अंदर रहे। इसके बाद हाल में चिकित्सकों व संभल सांसद के परिवार वालों से बातचीत की। सांसद का इलाज कर रहे चिकित्सकों से बातचीत कर उनके सेहत की बारे में विस्तार से जानकारी ली। सांसद के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

# स्मृति ईरानी की कार ने छात्रा को मारी टक्कर, हालत स्थिर

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** अमेठी से उदयपुर थाना अंतर्गत अठेहा क्षेत्र से प्रतापगढ़ जाने वाले मार्ग पर मंगापुर तिराहे के पास सड़क पर साइकिल से स्कूल जा रही एक छात्रा को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से साइकिल सवार छात्रा घायल हो गई। उसे आनन-फानन में पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत ठीक बताई जा रही है।

दरअसल, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी बुधवार सुबह करीब 11: 30 बजे रायबरेली जिले के परशदेपुर स्थित मटियारा चौराहा पर आयोजित जनसभा में जाना था। वह बुधवार सुबह जब अमेठी से अपने घर से परशदेपुर के लिए निकलीं।

### राहुल गांधी के बयान पर किया पलटवार

अमेठी सांसद स्मृति ईरानी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर बुधवार को एक बार फिर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि उनसे हम माफी की अपेक्षा नहीं करते हैं, माफी वो मांगता है जिसमें शर्म हो। प्रयागराज जाते समय स्मृति ईरानी ने कहा किस भ्रम की स्थिति में राहुल गांधी घूम रहे है ये मैं नहीं जानती लेकिन, उन्हें कोई अधिकार नहीं कि काशी, काशीवासियों और यूपी के नौजवानों का अपमान करें।

## किशोरी से तीन दोस्तों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जिले में एक किशोरी से गैंगरेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज कर एक को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दो फरार आरोपियों की तलाश है। पुलिस के अनुसार महरुआ थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार दोपहर बाद एक नाबालिग किशोरी को गांव के ही एक लड़के ने शादी का झांसा देकर फोन से खेतों की तरफ बुलाया। किशोरी के खेत में पहुंचने पर लड़के के साथ उसके दो दोस्त भी वहां छिपकर बैठे थे।

# लव जिहाद: तिलक और कलावा बांध युवती को फंसाया, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, आगरा

• दूसरी जगह शादी तय होने पर जान से मारने और वीडियो वायरल करने की दी धमकी

**अमृत विचार:** आगरा में एक युवती लव जिहाद का शिकार हुई। ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र निवासी युवती ने आरोप लगाया है कि गैर समुदाय के एक युवक ने हिंदू बनकर उससे दोस्ती करके उसे प्रेम जाल में फंसाया। जब उसे हकीकत पता चली तो आरोपी युवक ने अपने प्यार का हवाला देकर पूरी जिंदगी साथ देने की कसमें खाईं।

युवती की शादी कहीं और तय होने पर उसे जान से मारने और वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। युवती की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। ट्रांस यमुना फाउंड्री नगर निवासी युवती की चार वर्ष पूर्व टेढ़ी बगिया इस्लाम नगर निवासी युवक जीशान से मुलाकात हुई थी। युवती ने बताया कि जीशान हाथ पर कलावा और माथे पर तिलक लगाकर रोजाना उसका पीछा किया करता था। एक दिन उसने उसे रास्ते में रोककर प्यार का इजहार किया। उस समय जीशान ने उसे अपना नाम दीपक बताया था। जीशान ने उससे दोस्ती की और धीरे धीरे उनकी दोस्ती प्यार में बदल गई। युवक ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, तब उसे युवक के मुस्लिम होने की जानकारी हुई। जब युवती ने धोखा देने की बात कहकर उसका विरोध किया, तो युवक ने शादी करने का वादा किया। युवती ने बताया कि चार साल तक युवक ने उसका शारीरिक शोषण किया। युवती ने बताया कि जब उसके घरवालों ने उसकी शादी दूसरी जगह तय कर दी। जब जीशान को पता चला तो उसने युवती से घर से भागने की बात कहकर रुपए मंगाए। युवती का आरोप है कि युवक ने उससे रुपए भी ले लिए और उसके बाद वापस भी नहीं आया।

# जल्द ही अपने पुरातत्व स्वरूप में दिखेगा नैमिषारण्य: योगी

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** नैमिषारण्य अपने जल्द ही पुरातन स्वरूप में स्थापित होगा जिससे हजारों लोगों को नौकरी और रोजगार नैमिष में ही मिल सकेगा। अयोध्या राम मंदिर निर्माण के दौरान लोगों की नकारात्मक देखने को मिली थी, लेकिन राम मंदिर स्थापना के बाद अयोध्या के व्यापारियों में व्यापार तीस गुना तक बढ़ गया है।

उक्त बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने नैमिष स्थित स्कंदाश्रम स्थित जगदंबा राजराजेश्वरी नूतन देवालय में मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान कहीं। सीएम ने आयोध्या का उदहारण देते हुए नैमिष विकास पर अधिक जोर दिया। 88 हजार ऋषियों की तपोभूमि नैमिषारण्य में बुधवार को सीएम योगी ने श्री श्री जगदंबा राज राजेश्वरी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव व नूतन देवालय के चित्तशक्ति द्वार का उद्घाटन किया। पूजन के दौरान मध्य प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भी मौजूद रहे। मंदिर में पूजन के बाद मंच पर पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने नैमिष के इतिहास पर बोलते हुए कहा कि नैमिष की परम्परा अपार है। उन्होंने कहा कि 500 साल बाद यह रामलला अपने मंदिर में विराजमान हुए है।



जगदंबा राजराजेश्वरी नूतन देवालय में पूजन करते मुख्यमंत्री योगी व मौजूद अन्य लोग।

## भाजपा में शामिल हुए सपा और बसपा के कई पूर्व सांसद-विधायक

**लखनऊ, अमृत विचार :** सपा, कांग्रेस और बसपा से तमाम दिग्गज नेताओं का भाजपा में आने का सिलसिला थम नहीं रहा है। राज्य मुख्यालय पर बुधवार को आठ ऐसे नेताओं को प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक ने भाजपा की सदस्यता दिलाई जो कभी सांसद और विधायक रहे।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक के समक्ष बुधवार को पार्टी के राज्यमुख्यालय पर सपा के पूर्व सांसद शीश राम सिंह रवि (बिजनौर), बसपा के पूर्व पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी डॉ. दानिश कमाल, जिला अधिवक्ता संघ बांदा के अध्यक्ष व पूर्व सांसद स्व. रामनाथ दुबे के पुत्र राजेश कुमार दुबे, लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव राजेश कोरी, बहुजन समाज दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुखलाल गौतम, झांसी से बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आरके अहिरवार एंव अन्य कई नेता अपने समर्थकों के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए।

# उत्तराखंड

## पिथौरागढ़, चम्पावत मुनस्यारी के लिए आज से उड़ान

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** हल्द्वानी से पहाड़ का सफर आज (बृहस्पतिवार) से आसान हो जाएगा। हल्द्वानी से पिथौरागढ़, चम्पावत और मुनस्यारी के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू हो जाएगी। लोग अब सिर्फ 35 सौ रुपये खर्च कर महज सवा तीन घंटे में मुनस्यारी पहुंच जाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सुबह साढ़े 10:30 बजे इसका वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। गौलापार स्थित हैलीपैड से सेवा की शुरुआत हो रही है। हेलीकॉप्टर एक दिन में हल्द्वानी से पिथौरागढ़, चम्पावत और मुनस्यारी के दो चक्कर लाएगा। पहले इस सफर को तय करने में पूरा दिन गुजर जाता था। मुख्यमंत्री ने पहाड़ पर पर्यटन को बढ़ावा देने व स्थानीय लोगों की परेशानियों को देखते हुए सेवा शुरू की।

# टिहरी के नैनबाग के पास कार खाई में गिरी, उत्तरकाशी के छह लोगों की मौत

ब्यूरो, टिहरी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के मोरी क्षेत्र से देहरादून जा रही एक कार टिहरी में नैनबाग यमुना पुल के पास खाई में गिर गई। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। नैनबाग तहसीलदार राजेन्द्र प्रसाद ममंगाई ने छह लोगों की मौत की पुष्टि की है।

घटना मंगलवार देर रात की है, लेकिन पुलिस को बुधवार शाम हादसे की सूचना मिली। बताया जा रहा है कार में सवार लोग परिवार के एक बीमार सदस्य को उपचार के लिए देहरादून ले जा रहे थे। लेकिन परिजनों को रात से कार व उनकी लोकेशन नहीं मिल पा रही थी। जिसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस प्रशासन और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शवों को खाई से निकाला। मृतकों में प्रताप (30), ग्राम मौताड़ मोरी, राजपाल (20), ग्राम मौताड़ मोरी, जशीला (25), ग्राम मौताड़ मोरी, विरेन्द्र (28), ग्राम मौताड़ मोरी, विनोद (35) पु, ग्राम मौताड़ मोरी, मुन्ना (38), ग्राम देवती मोरी, उतरकाशी शामिल हैं।



• परिवार के लोग बीमार सदस्य को इलाज के लिए ले जा रहे थे देहरादून के

## दंगे में मारे गए तीन लोगों की पत्नियों को मिलेगी पेंशन

**भीमताल, अमृत विचार :** जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह की पहल पर समाज कल्याण विभाग ने बनभूलपुरा क्षेत्र में दंगे में मृतकों की पत्नी को निराश्रित विधवा पेंशन का लाभ प्रदान किया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में दंगे के दौरान मारे गए लोगों की नसीम बेगम पत्नी स्वर्गीय मोहम्मद इसरार निवासी कफूर बस्ती हल्द्वानी, सिम्मी पत्नी स्वर्गीय मोहम्मद जाहिद गफूर बस्ती और रोशीना पत्नी स्वर्गीय हाजी फहीम निवासी गांधीनगर हल्द्वानी को निराश्रित विधवा पेंशन को अनुमोदन किया गया है। मार्च की पेंशन व अप्रैल से प्रतिमाह 1500 रुपये उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जा रही है।

# रिश्वत लेते पटवारी, सहयोगी गिरफ्तार

संवाददाता, काशीपुर

• आय प्रमाण पत्र बनाने की एवज में ग्रामीण से मांगी थी रिश्वत

**अमृत विचार :** विजिलेंस टीम ने आय प्रमाण पत्र बनाने की एवज में सात हजार रुपये रिश्वत लेते पटवारी व उसके निजी सहायक को रंगेहाथ पकड़ लिया। आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

ग्राम बरखेड़ा पांडे निवासी एक व्यक्ति ने सतर्कता अधिष्ठान के टोल फ्री नंबर 1064 पर शिकायत दर्ज कराई कि काशीपुर तहसील के हल्का बरखेड़ा पांडे में तैनात राजस्व उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार आय प्रमाण पत्र बनाने के एवज में 7 हजार रुपये की मांग कर रहा है। विजिलेंस टीम ने जांच में मामले को प्रथम दृष्टया सही पाये जाने पर ट्रैप टीम का गठन किया। बुधवार को सीओ विजिलेंस अनिल कुमार मनराल, निरीक्षक एमएस दसौनी के नेतृत्व में टीम शिकायतकर्ता को साथ लेकर तहसील स्थित पटवारी कक्ष पहुंची। जहां टीम ने कक्ष में मौजूद पटवारी धर्मेंद्र कुमार व उनके निजी सहायक अलाउद्दीन को 7 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोच लिया। निदेशक सतर्कता ने डॉ. वी मुरुगेशन ने ट्रेप टीम को नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है।



रिश्वत लेने के आरोप में पकड़ा गया पटवारी और उसका निजी सहयोगी।

### एक अन्य व्यक्ति ने भी लगाया पैसे लेने का आरोप

**काशीपुर।** तहसील में पटवारी व उनके निजी सहयोगी को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े जाने की खबर फैलने पर एक अन्य व्यक्ति भी मौके पर पहुंचा और आरोपी पटवारी पर अपनी एक जमीन के मामले में पिता से पैसे लेने का आरोप लगाने लगा। जिस पर वहां मौजूद अधिवक्ता और तहसील कर्मी भड़क गये और उस व्यक्ति से भी उनकी नोकझोंक होने लगी। भीड़ को देख मौके पर मौजूद पुलिस ने उस व्यक्ति को हिरासत में लेकर वहां से कोतवाली भेजा। इस दौरान भीड़ की उस व्यक्ति से हाथापाई भी हुई।

# सुबीर कुमार बने नैनीताल के जिला एवं सत्र जज

विधि संवाददाता, नैनीताल

• हाईकोर्ट ने किए कई न्यायिक अधिकारियों के तबादले

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने बुधवार को उच्च न्यायिक सेवा के कई अधिकारियों का स्थानांतरण करते हुए, परिवार न्यायालय नैनीताल सुबीर कुमार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल नियुक्त किया है। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार हरिद्वार की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संगीता रानी को अपर जिला न्यायाधीश, त्वरित न्यायालय पाक्सो हरिद्वार बनाया गया है। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव सहदेव सिंह को पीठासीन अधिकारी खाद्य सुरक्षा अपीलीय प्राधिकरण देहरादून, प्रदीप कुमार मणि, जज परिवार न्यायालय टिहरी को सदस्य सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल, अंजली नौलियाल को अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत देहरादून, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल रमेश सिंह को जज, परिवार न्यायालय नैनीताल बनाया है।

# हैदराबाद से हल्द्वानी पहुंचे सलमान ने बांटे थे रुपये

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर में दंगा भड़कते ही हैदराबाद में बैठा सलमान खान हल्द्वानी के लिए निकल पड़ा। सोशल मीडिया पर मिशन हल्द्वानी के नाम से डाला वीडियो देखते ही पुलिस ने उसे रोका। वो रुक भी गया, लेकिन हालत सुधरते ही वो नोटों से भरा बैग लेकर हल्द्वानी पहुंच गया। बनभूलपुरा में नोटों की गड्डियां बांटने का वीडियो वायरल हो गया। नोटों से भरा बैग और इंस्टाग्राम पर डाले भड़काऊ वीडियो अब पुलिस की नजर में हैं। पुलिस ने सलमान से पूछताछ भी शुरू कर दी है।




बैग से नोट निकालकर बांटता आरोपी।

हैदराबाद का सलमान खान हैदराबाद यूथ कांग्रेस के नाम से इंस्टाग्राम पर एकाउंट चलाता है। 8 फरवरी को दंगे की खबर फैली तो सलमान ने मिशन हल्द्वानी लिखकर अपने एकाउंट पर वीडियो डाला और हल्द्वानी के निकल पड़ा। माहौल न बिगड़े तो पुलिस ने उसे हल्द्वानी नहीं आने दिया, लेकिन जैसे ही हालात सामान्य हुए तो सलमान साथियों के साथ नोटों से भरा बैग लेकर हल्द्वानी पहुंच गया। बनभूलपुरा में उसने नोटों की गड्डियां बांटी और वीडियो बनाकर अपने एकाउंट डाला। सलमान चार दिन तक बनभूलपुरा की गलियों में घूमता, लोगों से हमदर्दी दिखाता और उन्हें भड़काता रहा। खबर लगी तो पुलिस ने सलमान से पूछताछ शुरू कर दी। सबसे पहला सवाल यही था कि उसके पास इतना कैश कहां से आया। इतना ही नहीं सलमान ने दंगे के दरम्यान और दंगे के बाद अपने एकाउंट पर ऐसे कई वीडियो डाले, जिससे माहौल खराब हो। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि बांटे गई नगदी के सोर्स और सलमान द्वारा सोशल मीडिया एकाउंट पर डाले वीडियो की जांच कराई जा रही है। सलमान अपने साथियों के साथ हवाई जहाज पर सवार होकर हैदराबाद से निकला। जाहिर है हवाई जहाज में इतना कैश ले जाना संभव नहीं है। बावजूद इसके अगर वो हवाई जहाज से ही इतना कैश लेकर आया तो फिर हवाई अड्डे पर पकड़ा क्यों नहीं गया।

## एसटीएफ ने बरामद की सबसे बड़ी फर्जी सिम कार्डों की खेप

**देहरादून, अमृत विचार :** एसटीएफ की साइबर क्राइम टीम ने बुधवार को फर्जी सिम कार्डों की अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी की है। दिल्ली से गिरफ्तार किए गए अभियुक्त से हजारों की संख्या में फर्जी कंपनियों के नाम से लिए गए करीब 1 लाख 95 हजार रुपये के सिमकार्ड बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त शिकायतकर्ता से अब तक 80 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर चुका है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि कुछ दिन पूर्व एक मामला साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन को प्राप्त हुआ था, जिसमें देहरादून निवासी शिकायतकर्ता फेसबुक माध्यम से एक वाट्सएप ग्रुप टी रोवे प्राइस स्टॉक पुल अप ग्रुप- ए82 में जुड़ा, जहां स्टॉक ट्रेडिंग के बारे में जानकारी दी जा रही थी। इसके बाद अज्ञात व्यक्तियों ने शिकायतकर्ता से संपर्क किया व खुद को इंदिरा सिक्योरिटीज कंपनी से जुड़ा हुआ बताया। स्टॉक ट्रेडिंग में निवेश करके लाभ कमाने के नाम पर शिकायतकर्ता से अलग-अलग तरीखों में लेन देन के माध्यम से कुल 80 लाख की धोखाधड़ी की गई।

लोकयात्रा भयं लज्जा दाक्षिण्यं त्यागशीलता।
पंच यत्र न विद्यन्ते न कुर्यात्तत्र संगतिम् ॥

जिस स्थान पर आजीविका न मिले, लोगों में भय और लज्जा, उदारता तथा दान देने की प्रवृत्ति न हो, ऐसी पांच जगहों को भी मनुष्य को अपने निवास के लिए नहीं चुनना चाहिए।

## संपादकीय

# पाकिस्तान में चुनौतियां

पड़ोसी देश पाकिस्तान की राजनीति में दो पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी दलों ने गठबंधन सरकार बनाने की घोषणा की है। पाकिस्तान में 2024 चुनाव के नतीजे राजनीति में अस्थिरता के साथ आर्थिक परेशानी और आतंकवाद बढ़ाने की ओर इशारा कर रहे थे। परमाणु-सशस्त्र राष्ट्र में सरकार बनाने में देरी चिंता का कारण बन रही थी। क्योंकि पाकिस्तान में धीमी वृद्धि और रिकॉर्ड मुद्रास्फीति, बढ़ती आतंकवादी हिंसा के बीच निर्णय लेने के लिए अधिकार संपन्न के साथ एक स्थिर प्रशासन की आवश्यकता हमेशा रही है। आखिरकार पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बीच गठन को लेकर जारी बातचीत आखिरकार रंग लाई और दोनों दलों के बीच नई गठबंधन सरकार बनाने को लेकर समझौता हो गया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ (72) प्रधानमंत्री पद संभालेंगे, वहीं पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ जरदारी (68) दूसरी बार देश के राष्ट्रपति बनेंगे। पीएमएल-एन 79 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है और पीपीपी 54 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर है। कहा जा रहा है 8 फरवरी को घोषित चुनाव परिणामों के बाद पाकिस्तान जिस राजनीतिक गतिरोध का सामना कर रहा था, उन पर फिलहाल विराम लगा है।

हालांकि देश में बनने वाली नई सरकार को गंभीर आर्थिक स्थिति का सामना करना पड़ेगा, जिसमें देश का खराब आर्थिक विकास, महंगाई, बेरोजगारी के साथ-साथ एक बड़ी चुनौती है। देश का आंतरिक और बाह्य कर्ज का बोझ है, जो पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़ गया है। पाकिस्तान की सबसे बड़ी आर्थिक चुनौती उसके विदेशी मुद्रा भंडार में आई कमी है। 2023 की शुरुआत में उसका विदेशी मुद्रा भंडार ऐतिहासिक रूप से गिरकर केवल 3.19 अरब डॉलर रह गया था। ये रकम केवल दो सप्ताह के लिए पाकिस्तान के आयात का बिल अदा कर सकने लायक़ थी और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा सुझाए गए न्यूनतम तीन महीने के भंडार के भी नीचे चली गई थी। पाकिस्तान द्वारा लिए गए तमाम क़र्ज़ों में से 73 अरब डॉलर को 2025 तक चुकाने की चुनौती से ये नाजुक हालात और भी बिगड़ गए। पाकिस्तान पर लदे कर्ज के बोझ में से ज्यादातर हिस्सा चीन और सऊदी अरब का है। पिछले 60 वर्षों के दौरान पाकिस्तान, खुद को संकट से उबारने के लिए आईएमएफ से 22 बार मदद की गुहार लगा चुका है। अब देखना होगा कि सरकार किस तरह सबसे बड़ी चुनौती से निपटती है। अभी भी यह स्पष्ट नहीं है कि गठबंधन सरकार, अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए कठिन निर्णय लेने में अन्य सहयोगी दलों का समर्थन जुटा पाएगी या नहीं।

# सबसे बड़ा मुद्दा बन गया राज्य बहाली का दर्जा


प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बाद राज्य बहाली की सबसे बड़ी मांग 18 वीं लोकसभा में कानून बनाकर पूरे होने की उम्मीद के मद्देनजर लद्दाख के लोगों को अपने हालात साफ तौर पर समझ आ रहे हैं। वे ऐसा केंद्र शासित प्रदेश चाहते थे जिसकी अपनी विधायिका हो और उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप कानून बनाए जाएं।

केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में जनप्रतिनिधियों और जनता की जब-तब की जाने वाली राज्य के दर्जे की मांग लद्दाख में भी मुद्दा बन गई है। एक महीने से ज्यादा समय से लेह और कारगिल के लोग खुद को छठी अनुसूची में शामिल करते हुए विशेष दर्जे के की मांग के साथ अपनी विधानसभा, लोकसभा सीटें दो करने और पृथक लोकसेवा आयोग के लिए आंदोलित हैं। लद्दाख अपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के प्रतिनिधियों ने 19 फरवरी को दिल्ली में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय से इस बारे में बैठकर बात की। इस बावत दोनों पक्ष कुछ बता नहीं रहे है, लेकिन विचार-विमर्श आगे भी जारी रहना तय हो गया है।

लोकसभा चुनाव से पहले किसी भी मांग पर फैसला होने के आसार नहीं हैं। दोनों केंद्र शासित प्रदेशों में छह लोकसभा सीटें हैं और राज्य बहाली की मांग चुनाव पर असर डालेगी। हालांकि केंद्र में सरकार बनने-बिगड़ने पर इसका प्रभाव नहीं पड़ेगा फिर भी अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और कूटनीति अछूती नहीं रहेगी। 2014 से जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव नहीं हुए है, वहीं लद्दाख में विधानसभा खत्म ही कर दी गई है। पांच अगस्त 2019 से पहले जम्मू-कश्मीर स्वायत्तशासी और पूर्ण राज्य था और लद्दाख इसका हिस्सा था।

विपक्ष से जुड़े जनप्रतिनिधियों के लिए केंद्र शासित प्रदेशों को फिर से राज्य बनाने की मांग महज चुनावी मुद्दा नहीं है। संस्कृति की रक्षा के साथ जमीन और रोजगार का हक पूर्ववत (अनुच्छेद-370 समाप्त होने से पहले) रहने की भावना भी इससे जुड़ी है। लद्दाख के लोग नवंबर 2022 में भी अपनी मांगें मनवाने के लिए दिल्ली में धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं। गौरतलब है कि लेह के बौद्ध लद्दाख को जम्मू-कश्मीर से अलग कर केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिलाने के लिए 30 साल तक आंदोलन कर चुके हैं। वहीं जम्मू-कश्मीर में भाजपा के अलावा अन्य सभी दल राज्य के दर्जा हासिल करने के लिए किसी ने किसी रूप में एकजुटता जताते रहते हैं। जनता के बीच राज्य के मुद्दे पर जद्दोजहद नहीं है। साफ मांग भाजपा के लिए बड़ी चुनावी चुनौती है। जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे की बहाली का आश्वासन अनुच्छेद-370 हटाने के तुरंत बाद से लगातार दिया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कहते रहे हैं कि विधानसभा चुनाव के बाद राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा।

> छठी अनुसूची का विषय असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के जनजातीय क्षेत्रों का प्रशासन है। इसके तहत भूमि, रोजगार और संस्कृति की रक्षा प्रमुख है। स्वायत्त जिले भी बनाए जा सकते हैं। सांसद नामग्याल ने दिसंबर 2021 में इसकी मांग की थी। लद्दाख में सिक्किम जैसी विधानसभा गठित करने की मांग है।

अनुच्छेद-370 हटाने को जायज ठहराते हुए सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने सितंबर 2024 तक विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया है। अनुच्छेद-370 हटाए जाने के थोड़े समय बाद पूर्व प्रशासनिक अधिकारी आरके माथुर के बाद लद्दाख में पूर्व सेनाधिकारी बीडी मिश्र को जिम्मेदारी सौंपना हो या फिर नौकरशाह गिरीश चंद्र मुर्मू के हाथ से कमान लेकर राजनीतिज्ञ मनोज सिन्हा को दिया जाना रणनीतिक पहल रहा है। इसके अलावा सियासी समीकरण साधने के लिए केंद्र सरकार समय-समय पर कदम उठाती रही है। स्थानीय निकाय चुनाव में अति पिछड़ों और विधानसभा में और पहाड़ी समुदाय को अनुसूचित जातियों में आरक्षण देना भी इसी का हिस्सा है। चूंकि लद्दाख में विधानसभा नहीं है, इसलिए राजनीतिक दृष्टि से उसकी चिंता नहीं की जाती है। तीन फरवरी को लद्दाख में बड़ा प्रदर्शन तब हुआ था, जब 16 जनवरी को केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपे गए मांग पत्र पर ध्यान नहीं दिया गया था। इस पर लद्दाख के भाजपा सांसद जामयांगा त्सेरिंग नामग्याल, भाजपा के ही पूर्व सांसद थुपस्तान छेवांग और शिक्षा व पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के कड़े रूख अपनाए जाने के बाद दिल्ली में वार्ता की सहमति बनी। कश्मीर में आतंकवाद बढ़ने पर केंद्र सरकार ने जितने भी वार्ताकार नियुक्त किए, उनका कार्यक्षेत्र मुख्यतः कश्मीर ही रहा। एनएन वोहरा को जब केंद्रीय गृह सचिव के तौर पर 'मिशन कश्मीर' में लगाया गया तो उन्होंने जम्मू को इसमें शामिल कर लिया था, लेकिन शांतपूर्ण-अपराधमुक्त और पर्यटन के लिए विख्यात लद्दाख को नजरअंदाज कर दिया।

वोहरा 2003 में वार्ताकार बनाए गए और 2008 में राज्यपाल नियुक्त किया गया था। तिब्बत, चीन और पाकिस्तान से घिरे सामरिक महत्व के लद्दाख के लोग पूरी शिद्दत से चाहते हैं कि उन्हें पूर्ण राज्य का दर्जा मिले। जब तक यह संभव न हो, संविधान की छठी अनुसूची के तहत उनके हित सुरक्षित किए जाएं। दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजन के समय लद्दाख के लोग बहुत खुश थे। कारण, कश्मीरी हुक्मरानों से आजादी की उनकी मांग पूरी हो गई थी। खुशी के आलम में उन्होंने यह सोचना भी मुनासिब नहीं समझा कि दिल्ली ने उन्हें विधानसभा न देकर नौकरशाहों की नीतियों और नीयत पर छोड़ दिया है। पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर की 87 सदस्यीय विधानसभा में लद्दाख के दो जिले लेह और कारगिल से चार विधायक चुने जाते थे। सरकार किसी भी पार्टी की हो, एक मंत्री अनिवार्य तौर पर रहता था। यहां के लोगों के हक-हकूक के लिए नए सिरे से एकजुट होने से नहीं लगता कि ये सिलसिला कुछ हासिल किए बिना खत्म होगा।

पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक के कार्यकाल में लद्दाख को अलग मंडल बनाया गया था। इससे पहले लेह और कारगिल के लोगों को श्रीनगर के चक्कर काटने पड़ते थे। यही नहीं, पहली बार हुए आंदोलन के बीच केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के मनाली और लद्दाख के कारगिल को जोड़ने वाली शिंकूला सुरंग के निर्माण की मंजूरी दी। अभी तक हिमाचल प्रदेश से अटल टनल के जरिए ही लद्दाख पहुंचा जा सकता है। श्रीनगर-लेह के बीच जोजिला पर भी सुरंग बनाई जा रही है। छठी अनुसूची का विषय असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के जनजातीय क्षेत्रों का प्रशासन है। इसके तहत भूमि, रोजगार और संस्कृति की रक्षा प्रमुख है। स्वायत्त जिले भी बनाए जा सकते हैं। सांसद नामग्याल ने दिसंबर 2021 में इसकी मांग की थी। लद्दाख में सिक्किम जैसी विधानसभा गठित करने की मांग है। 5,40,493 आबादी वाले सिक्किम में 32 सीटें हैं। लद्दाख की जनसंख्या सवा तीन लाख है। आंदोलनकारी चाहते हैं कि क्षेत्र में सरकारी नौकरियों में सिर्फ लद्दाख के युवाओं को ही नियुक्ति देने के अलावा लद्दाख के अलावा लेह और कारगिल को अलग-अलग संसदीय सीट बनाना भी उनकी मांग है। बीते दिनों उन्होंने संसदीय सीटों की मांग को विस्तार देते हुए गिलगित-बाल्टिस्तान को भारत में शामिल कर लोकसभा की सीटें दो करने का सुझाव दिया है। 2019 में लद्दाख में बौद्ध अनुयायी 45.87 प्रतिशत और मुस्लिम आबादी 47 फीसदी थी। बौद्धों की बहुतायत लेह में है, जबकि कारगिल में शिया मुस्लिम ज्यादा हैं। संभावना है कि आने वाले दिनों में लेह और कारगिल के अलावा नुब्रा और जांस्कार को भी जिला बनाया जा सकता है। नुब्रा और जांस्कार पहले विधानसभा सीटें थीं।


जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बाद राज्य बहाली की सबसे बड़ी मांग 18 वीं लोकसभा में कानून बनाकर पूरे होने की उम्मीद के मद्देनजर लद्दाख के लोगों को अपने हालात साफ तौर पर समझ आ रहे हैं। वे ऐसा केंद्र शासित प्रदेश चाहते थे जिसकी अपनी विधायिका हो और उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप कानून बनाए जाएं। इस बीच लद्दाख की लगातार लड़ाई ने जम्मू-कश्मीर के अवाम को ही नहीं, नेताओं को भी अहसास करा दिया है कि राज्य के अपने अधिकार के प्रति उनकी थोड़ी सी अनदेखी वर्षों तक उनके वजूद को बदनीयती के दायरे में ले आएगा। बुनियाद की मजबूती के लिए वोट भी बड़ा हथियार है। लग रहा है कि चुनाव में मतदाता सबसे पहले अपनी मंशा पर ही मुहर लगाएंगे।

## प्रसंगवश

# न अदालत की परवाह और न ही जनता की चिंता

20 फरवरी को पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय ने धरना-प्रदर्शन को नागरिक का अधिकार तो कहा, लेकिन ट्रेक्टर लेकर राजमार्ग पर आने को गलत बताया। इसके बावजूद 21 फरवरी को हरियाणा-पंजाब की सीमाओं पर कई जगह किसानों के मोर्चे हजारों ट्रकों के साथ लगे थे।

हालांकि किसानों का धरना दिल्ली से कोई 247 किलोमीटर दूर हरियाणा-पंजाब की सीमा पर है, लेकिन पिछले कड़वे अनुभवों से सीख लेकर सरकार ने दिल्ली की जो किलेबंदी की है, उससे आम लोग बहुत परेशान हैं। हर दिन दफ्तर जाने वाले हों या रेल, हवाई जहाज से यात्रा करने वाले या बोर्ड के इम्तहान के लिए जा रहे बच्चे या अस्पताल जा रहे बीमार, तीमारदार एहतीयतन उठाए गए कदमों से सड़कों पर लग रहे जाम ने आवागमन का समय और परेशानी दोनों बढ़ा दी है। हालांकि भारत के कानून में दर्ज की ऐसे प्रावधान हैं जिनके अंतर्गत सड़क या रेल को रोकना दंडनीय अपराध है, लेकिन भीड़ को किसी कानून की परवाह होती ही कहां है। हाल ही में देश भर की सड़कों, राज्यों के राजमार्ग को लंबे समय तक धरना प्रदर्शन या किसी अन्य तरीकों से बाधित किए जाने की घटना से निपटने के लिए विधि आयोग ने केंद्र सरकार के समुचित कानून बनाने की सिफारिश की है। समझना होगा कि परिवहन और संचार में किसी भी तरह का व्यवधान देश की विकास गति में अवरोध होता है।


पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

आयोग ने केंद्र सरकार को भेजी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि सड़कों को बाधित करने वालों से निपटने के लिए समुचित कानून या फिर भारतीय दंड विधान या हाल ही में बनाए गए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में संशोधन करके प्रावधान करने की जरूरत है। विधि आयोग के अध्यक्ष जस्टिस ऋतु राज अवस्थी की अगुवाई वाली समिति ने अपनी 284 वीं रिपोर्ट में सरकार से कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्गों को बाधित किया जाता है तो इससे निपटने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 है और रेलवे लाइनों को बाधित करने पर रेलवे अधिनियम 1989 है और इसमें दंडात्मक प्रावधान पहले से है, लेकिन समय की मांग है कि ऐसे कानून और कड़े बनाए जाएं। लोकतंत्र में निर्णय जनता के हाथों होता है। इसका यह मतलब कतई नहीं है कि लोकतंत्र जनता के हाथों में खेलता है। चुनाव वह समय होता है जब जनता अपनी अपेक्षाओं पर खरा न उतरने वालों को कुर्सी से नीचे उतार फेंकती है, लेकिन आज हालात तो अराजकता की ओर इशारा कर रहे हैं। अपनी बात लोगों तक पहुंचाने के लिए सड़क पर आ जाओ, जाम कर दो, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाओ, प्रशासन तंत्र को बंधक बनाओ।

सरकारी आंकड़े गवाह हैं कि हमारे देश में हर साल सड़कों पर हंगामें की 56 हजार छोटी-बड़ी घटनाएं होती हैं। इनकी चपेट में आकर कोई पचास हजार वाहन बर्बाद हो जाते हैं जिनमें 10 हजार बस या ट्रक होते हैं। इस प्रकार के रोज-रोज के बंद, धरने, प्रदर्शन, जाम से आम आदमी आजिज आ चुका है। इन अराजकताओं के कारण समय पर इलाज न मिल पाने के कारण मौत होने, परीक्षा छूट जाने, नौकरी का इंटरव्यू न दे पाने जैसे किस्से अब आम हो चुके हैं और सरकार इतने गंभीर विषय पर संवेदनहीन बनी हुई है।

पुलिस का काम कानून-व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस का काम सुचारु यातायात बनाए रखना है, लेकिन जब पच्चीस, पचास लोग नारे लगाते हुए चौराहों पर लेट जाते हैं तो पुलिस मूक दर्शक बनी रहती है, इंतजार करती है, लंबे ट्रैफिक जाम का या फिर स्थिति बिगड़ने का और उसके बाद अपनी चरम कार्यवाही यानी बल प्रयोग पर उतारू हो जाती है। साफ दिखता है कि पुलिस का प्रशिक्षण ऐसे हालातों से निपटने के नाम पर शून्य है। अब समय आ गया है कि विधि आयोग की सिफारिशों के अनुरूप नई बन रही भारतीय न्याय संहिता में देश के विकास में व्यवधान बनी ऐसी हरकतों को सख्ती से रोकने के लिए प्रावधान किए जाएं और इसमें संबंधित अधिकारियों को अधिक जिम्मेदार बनाया जाए। इस तरह की हरकतों में शामिल राजनेताओं पर भी कुछ पाबंदियां हों।

# भू-माफिया कीट चट कर रहे खेती की जमीन


असलम कोहरा
वरिष्ठ पत्रकार, रुद्रपुर

> नाबार्ड की मानें तो मौजूदा वक्त में देश के आधे से अधिक किसान 21 लाख करोड़ रुपये के कर्ज में डूबे हैं, यानी एक किसान पर 1.35 करोड़ रुपये का कर्ज है।

मौजूदा वक्त में उपजाऊ कृषि भूमि के रकबे का घटते जाना बढ़ती आबादी के लिए खाद्य आपूर्ति के मार्ग में खतरे की घंटी है। पिछले साल के मुकाबले में इस साल सरकारी भंडार में 1.38 करोड़ कम गेहूं हैं। यही नहीं 2023-24 में गेहूं का उत्पादन 10.64 करोड़ टन कम रहने का अनुमान है। सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के मुताबिक गेहूं बुआई के रकबे में पिछले साल के मुकाबले 4.7 लाख हेक्टेयर की गिरावट आई है। पिछले साल 91.02 लाख हेक्टेयर की तुलना में इस साल घटकर 86.02 लाख हेक्टेयर रह गया है। पानी की कमी के कारण किसानों ने गेहूं की खेती कम कर दी है। केवल गेहूं का ही नहीं, धान और दालों की बुवाई का भी रकबा कम हुआ है। चिंता की बात यह भी है कि जनसंख्या के मुकाबले में खाद्यान्न उत्पादन की वृद्धि दर कम है।

आजादी के बाद देश की जनता को भरपेट भोजन मुहैय्या कराने की ज्वलंत चुनौती थी। देश को खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बनाने की चुनौती को स्वीकारते हुए महान कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन ने 1960 में हरित क्रांति नारा दिया। इसका आगाज तत्कालीन उत्तर प्रदेश (वर्तमान में उत्तराखंड) के नैनीताल जिले (वर्तमान में उधम सिंह नगर) के तराई भूभाग में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना के रूप में हुआ। इसके साथ ही बांध बनाए गए, उत्तम गुणवत्ता के बीच एवं उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई और बीज निगमों की स्थापना की गई। इन बहुआयामी प्रयासों से न केवल देश खाद्य आपूर्ति में आत्मनिर्भर बन गया, बल्कि दूसरे देशों को निर्यात करने की स्थिति में आ गया। 1991 में नई आर्थिक नीतियां लागू होने के बाद औद्योगिक क्रांति ने कृषि क्रांति को निगलना शुरू कर दिया। भू माफियाओं एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने अंधाधुंध कमाई चक्कर में खादों के असंतुलित प्रयोग एवं अन्य माध्यमों से जमीन, पानी और हवा को प्रदूषित करने के साथ ही उपजाऊ कृषि भूमि की प्लॉटिंग कर भूखंड और कुकुरमुत्तों की तरह आवासीय कॉलोनियां उगाकर करोड़ों की धंधेबाजी शुरू कर दी। उधर पारिवारिक बंटवारे के बाद छोटी होती जोतों, कर्ज और खेती में घाटे के दबाव में आत्महत्या का ग्राफ बढ़ने लगा।

इससे मुक्ति पाने के लिए विवश होकर किसान भूमाफियाओं को खेत बेचने लगे। वर्तमान में पूरे देश में कॉलोनाइजर्स द्वारा बनाई जा रही कॉलोनियां हर साल हजारों हेक्टेयर कृषि उपजाऊ भूमि लीलती जा रही है। शायद ही कोई प्रांत, कोई शहर और कोई गांव इस त्रासदी से अछूता हो। इस संबंध में एक लचर दलील यह दी जाती है कि भूमि की खरीद-फरोख्त से रेवेन्यू जेनेरेट होता है। सवाल है, क्या खाद्यान्न के स्थान पर नोट खाए जा सकते हैं? विकास तो होना ही चाहिए, लेकिन खेती भी बचना चाहिए। आवासों, कारखानों एवं सड़कों के लिए उपजाऊ कृषि भूमि के बजाए बंजर भूमि को उपयोग में लाया जा सकता है। भला हो वैज्ञानिकों एवं किसानों का जोकि अपने शोध एवं तकनीकों और परिश्रम से बढ़ती आबादी का पेट भर रहे हैं, लेकिन आखिर कब तक? कृषि उपज पर अब चौतरफा मार पड़ने के संकेत मिलने लगे हैं। स्थिति ये है कि एक ओर दिनोंदिन खेती की जमीन सिकुड़ती रही है और उधर आबादी थमने का नाम नहीं ले रही। 2015 में 60.43 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि का रकबा आज घट कर 51.43 प्रतिशत रह गया है और जो कृषि भूमि बची भी है, उसकी उपजाऊ शक्ति कम होती जा रही है, साथ ही बहुरुपिए मौसम की धोखेबाजी भी एक बड़े दुश्मन के रूप में सामने आ रही है और प्रदूषण की मार अलग से है।

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की मानें तो मौजूदा वक्त में देश के आधे से अधिक किसान 21 लाख करोड़ रुपये के कर्ज में डूबे हैं, यानी एक किसान पर 1.35 करोड़ रुपये का कर्ज है। नेशनल सैंपल सर्वे की रिपोर्ट के मुताबिक एक किसान परिवार को खेती से केवल 3798 रुपये मासिक आय होती है। बहुत कम आमदनी होने के कारण लोग खेती ही नहीं, वरन् रोजगार के लिए गांव भी छोड़ रहे हैं। 1962 में गांवों में जो आबादी 82 प्रतिशत थी, आज घटकर 64 प्रतिशत रह गई है। कृषि पर निर्भर रहने वालों का प्रतिशत 70 से घटकर 47 रह गया है। नतीजतन जीडीपी में भी कृषि का योगदान आजादी के समय के 50 प्रतिशत से घटकर मात्र 15 प्रतिशत रह गया है। उनकी जमीनों पर भूमाफियाओं एवं भवन निर्माण व्यक्तियों एवं कंपनियों का कब्जा होता जा रहा है। ऐसे में अगर उपजाऊ कृषि भूमि यूं ही इनकी भेंट चढ़ती रही तो वह दिन दूर नहीं कि फिर से देश की जनता का पेट भरने के लिए दूसरे देशों की मोहताजी पर निर्भर रहना पड़ सकता है। सरकार को इस समस्या पर गंभीरता से मंथन करना होगा।

## सोशल फोरम

# गुलजार और ज्ञानपीठ

